हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

RNI NO - CTHIN/25/A0716

# मूक पत्रिका

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र आवाज...

वर्ष - 02 अंक - 202 बेमेतरा, मंगलवार 17 मार्च 2026 रायपुर एवं बेमेतरा से प्रकाशित कुल पेज - 08 मूल्य - 5 रूपये डाक पंजीयन- दुर्ग/1743290201/2025-27

## क्विक न्यूज

### थोक मुद्रास्फीति फरवरी में बढ़कर 11 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नयी दिल्ली।** तिलहन और खनिजों की कीमतों में भारी उछाल के साथ तंबाकू उत्पादों और बुनियादी धातुओं की कीमतों में वृद्धि से इस साल फरवरी में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 2.13 प्रतिशत पर पहुंच गयी। थोक महंगाई की यह दर पिछले साल मार्च के बाद सबसे अधिक है। मार्च 2025 में यह 2.25 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि फरवरी में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 2.19 प्रतिशत रही लेकिन गैर-खाद्य प्राथमिक उत्पादों की महंगाई दर 8.80 प्रतिशत रही। इसमें तिलहनों के दाम एक साल पहले की तुलना में 25 प्रतिशत और खनिजों के 11 प्रतिशत बढ़ गये।

### पूर्व गृहमंत्री कंवर की शिकायत के बाद हरकत में आयोग

**रायपुर।** फ्लोरामैक्स कंपनी के नाम पर महिलाओं से कथित ठगी के मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर की शिकायत के बाद राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने मामले में प्रदेश के मुख्य सचिव को 17 मार्च को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, कंवर ने शिकायत कर आरोप लगाया था कि फ्लोरामैक्स कंपनी के नाम का इस्तेमाल कर प्रदेश में 40 हजार से अधिक महिलाओं से अरबों रुपये की ठगी की गई है। यह महिलाएं केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से भी जुड़ी बताई जा रही हैं। शिकायत के बाद आयोग ने मामले की जानकारी राज्य सरकार और जिला प्रशासन से मांगी थी।

### ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर की उच्चतम न्यायालय की आलोचना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच विभिन्न देशों पर आयात शुल्क लगाने के उनके फैसले को पलटने को लेकर उच्चतम न्यायालय की कड़ी आलोचना की। गौरतलब है कि पिछले दिनों अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने टैरिफलगाने के ट्रम्प के निर्णय को असंवैधानिक करार देते हुए उसे पलट दिया गया था और इससे प्रभावित होने वाले देशों और कंपनियों को खरबों डॉलर दिए जाएंगे। ट्रंप ने कहा है कि उन्हें किसी अन्य रूप में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है। उन्होंने कहा कि टैरिफ लगाने का निर्णय उनके लिए सबसे अधिक मायने रखता था। उन्होंने कहा कि न्यायालय को पता था कि वह अमेरिका के लिए इसे कितनी शिद्दत से चाहते थे।

# एससीबी मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 की मौत, 25 लाख की घोषणा



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में कटक जिले के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के ट्रॉमा केयर आईसीयू में आग लगने की एक दुखद घटना में 10 मरीजों की मौत हो गई जबकि 13 अन्य मरीज घालय हो गए जिनका वर्तमान में आईसीयू में इलाज चल रहा है। घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग के साथ अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने आग लगने के कारणों की न्यायिक जांच के आदेश दिए और मृतकों के परिजनों के लिए 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। श्री मांझी के अनुसार, आग लगने का कारण अस्पताल की पहली मंजिल पर स्थित ट्रॉमा केयर आईसीयू में शॉर्ट सर्किट होना माना जा रहा है। यह अस्पताल ओडिशा के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में से एक है। जानकारी के अनुसार आग बगल के आईसीयू और वार्ड में भी फैल गई। घटना के समय, ट्रॉमा केयर आईसीयू में 23 मरीजों का इलाज चल रहा था। इनमें से 10 मरीजों की अस्पताल के अन्य आईसीयू यूनिटों में स्थानांतरित करते समय मौत हो गई जबकि शेष 13 मरीजों को बचा लिया गया। और उनका इलाज जारी है।

### हादसे के बाद मोदी ने की अनुग्रह राशि की घोषणा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को ओडिशा के कटक में एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुए हादसे में लोगों की मौत



पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ितों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से वित्तीय सहायता की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कि यह घटना बेहद दुखद है और उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। मोदी ने कहा, ओडिशा के कटक में अस्पताल में हुआ हादसा बेहद पीड़ादायक है। जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री ने प्रभावित परिवारों के लिए अनुग्रह राशि की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफसे दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

### दुर्घटना पर मुख्यमंत्री साय ने जताया गहरा शोक

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ओडिशा के कटक स्थित एससीबी मेडिकल



कॉलेज के ट्रॉमा केयर आईसीयू में आग लगने की दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक और हृदयविदारक बताया है। मुख्यमंत्री साय ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुखद घड़ी में छत्तीसगढ़ की जनता उनके साथ खड़ी है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य से रवाना एलपीजी जहाज 'शिवालिक' आज भारत पहुंचेगा

**नयी दिल्ली।** होर्मुज जलडमरूमध्य के पास कई दिनों तक फंसे रहने के बाद एलपीजी से लदा भारतीय जहाज 'शिवालिक' अब भारत के समुद्री तट पर उतरने वाला है। 40,000 मीट्रिक टन से अधिक एलपीजी ले जा रहे इस जहाज के गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर लंगर डालने की उम्मीद है, जिससे पश्चिम एशिया संकट के कारण बाधित हुई घरेलू आपूर्ति को बहुत जरूरी राहत मिलेगी। यह एलपीजी वाहक वर्तमान में भारतीय नौसेना के संरक्षण में है, जो भारत की ओर अपनी यात्रा के अगले चरण के दौरान इस जहाज को सुरक्षा प्रदान कर रही है।

### जापान की पं. एशिया में नौसैनिक सुरक्षा भेजने की फिलहाल कोई योजना नहीं : ताकाइची

**टोक्यो।** जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच जापान ने जहाजों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए नौसैनिक पोत भेजने का कोई निर्णय नहीं लिया है। संसद में बोलते हुए ताकाइची ने कहा कि सरकार अभी भी इस बात की जांच कर रही है कि जापान की कानूनी संरचना के अंदर क्या क्या कदम उठाए जा सकते हैं और वह स्वतंत्र रूप से क्या कार्रवाई कर सकती है। प्रधामंत्री ने कहा, हमने सुरक्षा जहाजों को भेजने के संबंध में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है।

## बीजापुर पोटा केबिन मामला

# तीन नाबालिग छात्राओं के गर्भवती होने पर विधानसभा में हंगामा

**रायपुर।** विधानसभा में बीजापुर जिले के गंगालूर स्थित पोटा केबिन से जुड़ा संवेदनशील मामला जोरदार तरीके से उठा। पोटा केबिन में पढ़ने वाली तीन नाबालिग छात्राओं के गर्भवती होने की खबर सामने आने के बाद विपक्ष ने इसे गंभीर विषय बताते हुए सदन में चर्चा की मांग की। हालांकि स्थगन प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाने पर विपक्ष ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन से बहिष्कार कर दिया। शून्यकाल के दौरान इस मुददे को उठाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार पर मामले को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इतनी संवेदनशील घटना के बावजूद दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है और मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। विपक्ष ने इस पूरे मामले पर सदन में विस्तृत चर्चा कराने की मांग भी रखी। हालांकि स्थगन प्रस्ताव अस्वीकार होने के बाद विपक्षी विधायकों ने इसे लेकर कड़ा विरोध जताया और सदन से वॉकआउट कर दिया। विपक्ष का कहना था कि यह मामला आदिवासी क्षेत्र की छात्राओं की सुरक्षा से जुड़ा है, इसलिए सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। वहीं राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि सरकार मामले को पूरी गंभीरता से ले रही है।




### सदन में विपक्ष ने स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान 12वीं बोर्ड के हिंदी पेपर लीक होने का मामला भी गूंजा। कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने सदन में यह मुददा उठाते हुए प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में स्कूली शिक्षा की स्थिति पहले से ही चर्चा में है, और अब 12वीं का हिंदी पेपर लीक होने की खबर सामने आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक कर कुछ बच्चों और कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने की कोशिश की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि जो जानकारी सामने आ रही है, उसमें केवल एक विषय नहीं बल्कि अन्य विषयों के पेपर लीक होने की आशंका भी जताई जा रही है। ऐसे में यह गंभीर जांच का विषय है। कांग्रेस विधायक ने सरकार और शिक्षा मंत्री से मांग की कि इस मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए और निष्पक्ष जांच कराई जाए।

### आंगनबाड़ी सुविधाओं व धान उठाव में देरी पर हुई चर्चा

विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल से शुरू हुई। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति और धान खरीदी के बाद उठाव में देरी जैसे मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच चर्चा हुई। प्रश्नकाल के दौरान विधायक रामकुमार यादव ने खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग से जुड़ा प्रश्न उठाया। वहीं बस्तर संभाग के आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति को लेकर भी सदन में सवाल उठे। विधायक लखेश्वर बघेल ने आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति पर जानकारी मांगी। उन्होंने जिलेवार संचालित आंगनबाड़ी और मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या, भवन विहीन और जर्जर भवनों की स्थिति के साथ पेयजल और शौचालय की उपलब्धता को लेकर सवाल किया। साथ ही यह भी पूछा कि जिन केंद्रों के पास भवन नहीं हैं। , वहां निर्माण की स्वीकृति कब तक दी जाएगी।

# सिंधी समाज का इतिहास पुरुषार्थ, साहस और आत्मसम्मान का प्रतीक : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर स्थित बीटीआई मैदान में छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत द्वारा आयोजित 'चन्ड्र जी रात, सिंधिन जो मेलो - आनंद मेलो' में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सिंधी समाज का इतिहास पुरुषार्थ और साहस का इतिहास है। विभाजन की विभीषिका की पीड़ा सबसे अधिक सिंधी समाज ने झेली। उस कठिन समय में आपके पूर्वजों ने अपनी संपत्ति छोड़ी, अपना घर छोड़ा, लेकिन अपना आत्मसम्मान और परिश्रम करने का स्वभाव कभी नहीं छोड़ा। शून्य से शिखर तक कैसे पहुँचा जाता है, यह सिंधी समाज ने पूरी दुनिया को सिखाया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की तरक्की में सिंधी समाज की प्रमुख भूमिका रही है। चाहे वह चेंबर ऑफ कॉमर्स हो या प्रदेश का छोटा-बड़ा व्यापार, आपकी मेहनत से राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। आप केवल व्यापार ही नहीं करते, बल्कि हजारों लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराते हैं। भविष्य में हमने विकसित छत्तीसगढ़ 2047 का जो सपना देखा है, उसमें सिंधी समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने लगभग ढाई वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत किए गए अधिकांश वादों को पूरा कर लिया है और लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बी.टी.आई. ग्राउंड में जो उत्साह दिखाई दे रहा है, वह बताता है कि सिंधी समाज अपनी जड़ों से कितना गहराई से जुड़ा हुआ है। 'सिंधियत जो मेलो' जैसे आयोजन हमारी नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, खान-पान और सिंधी भाषा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही उन्हें पवित्र शदाणी दरबार में संतों का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। वहाँ जो स्नेह और आत्मीयता उन्हें मिली, वही अपनापन भी महसूस हो रहा है।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जगन्नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुँचकर भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की भव्य महाआरती में शामिल हुए और विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और निरंतर प्रगति की मंगलकामना की। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

### विधानसभा घेराव को लेकर कांग्रेस ने किया दावा, 30 हजार कार्यकर्ता होंगे शामिल



**नई दिल्ली।** 17 मार्च को विधानसभा घेराव के लिए कांग्रेस ने जंगी तैयारी किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रभारी सचिव गण एस सम्पत, जति लेतफ्लांग, विजय जांगिड़ ने रायपुर शहर के पदाधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस 17 मार्च को विधानसभा का घेराव करेगी। मनरेगा बचाओ संग्राम तथा प्रदेश के स्थानीय मुददो बिजली के दाम में बढ़ोत्तरी, किसानो से धोखा, धान खरीदी पर वादा खिलाफी, गैस सिलेंडर के दामो की बढोत्तरी बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था प्रदेश में नशे की खेती और करोबार जैसे मुददो को लेकर कांग्रेस विधानसभा का घेराव करेगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट सहित सभी सह-प्रभारी, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू सहित राज्य के नेतागण, कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित आम आदमी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

# दुबई हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले के बाद उड़ानें निलंबित



**दुबई।** दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को ड्रोन हमले के बाद उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गईं। अधिकारियों ने हवाई अड्डे के पास आग लगने की घटना के बाद एहतियाती सुरक्षा उपाय के रूप में परिचालन रोक दिया।

दुबई नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने निलंबन की घोषणा करते हुए कहा कि यह कदम यात्रियों एवं हवाई अड्डे के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा, यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी उड़ानों के संबंध में नवीनतम जानकारी के लिए अपनी संबंधित एयरलाइनों से संपर्क करें, स्थिति की समीक्षा करने के बाद आधिकारिक चैनलों के माध्यम से आगे की जानकारी दी जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, ड्रोन हमले के कारण हवाई अड्डे की सीमा के पास आग लग गई जिसे आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत बुझा दिया। दुबई मीडिया कार्यालय ने कहा कि हवाई रक्षा प्रणालियों ने उड़ान संचालन को अस्थायी रूप से रोकने से पहले ही आग की घटना पर प्रतिक्रिया दी। यह व्यवधान पश्चिम एशिया में फरवरी के अंत में अमेरिका, इजरायल और ईरान से जुड़े हमलों के बाद बढ़े तनाव के बीच उत्पन्न हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप कई खाड़ी देशों में ड्रोन और मिसाइल हमले हुए हैं और हवाई क्षेत्र पर रुक-रुक कर प्रतिबंध लगाए गए हैं।

## मामले को सदन में उठाने का कोई औचित्य नहीं

# पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, गृह सचिव को हटाए जाने के विरोध में तृणमूल का राज्यसभा से बहिर्गमन

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा राज्य के मुख्य सचिव और गृह सचिव को उनके पद से हटाए जाने के विरोध में तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने सोमवार को राज्यसभा से दिन भर के लिए बहिर्गमन किया।

सदन में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद शून्य काल से पहले यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि रात के अंधेरे में राज्य के मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और गृह सचिव को चुनाव आयोग द्वारा हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आयोग का अधिकार है लेकिन उनकी पार्टी इसका कड़ा विरोध करती है और इसके विरोध में दिन भर के लिए सदन से बहिर्गमन कर रही है। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सदन से बाहर



चले गए। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि यह चुनाव आयोग का फैसला है और सदन का इससे कुछ लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को यह शक्ति संविधान ने दी है और इस मामले को सदन में उठाने का कोई औचित्य नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने की आदत बना रखी है।

### रसोई गैस आपूर्ति पर राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक झोंक

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने पश्चिम एशिया संकट के कारण देश में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित होने का मुद्दा सोमवार को सदन में उठाया जिस पर नेता सदन जगत प्रकाश नड्डा ने यह कहते हुए विरोध किया कि कांग्रेस विपत्ति के समय भी राजनीति कर लोगों को भड़का रही है। खड़गे ने शून्य काल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि देश में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण हाहाकार मचा है और इससे विशेष रूप से गरीब, मध्यम वर्ग तथा छोटे रेस्तरां प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपनी जरूरत की 60 प्रतिशत रसोई गैस आयात करता है और इसमें से भी 90 प्रतिशत होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आती है। खड़गे ने कहा कि आपूर्ति प्रभावित होने से सामुदायिक किचन बंद करने पड़ रहे हैं और सिलेंडर की कीमत भी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि सरकार यह दावा कर रही है कि देश में गैस सिलेंडर की कमी नहीं है और लोग अफवाहों पर ध्यान ना दें तो फिर यह लाइन क्यों लग रही है।



# होर्मुज जलडमरूमध्य से रवाना एलपीजी जहाज 'शिवालिक' आज भारत पहुंचेगा

**नयी दिल्ली।** होर्मुज जलडमरूमध्य के पास कई दिनों तक फंसे रहने के बाद एलपीजी से लदा भारतीय जहाज 'शिवालिक' अब भारत के समुद्री तट पर उतरने वाला है। 40,000 मीट्रिक टन से अधिक एलपीजी ले जा रहे इस जहाज के गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर लंगर डालने की उम्मीद है, जिससे पश्चिम एशिया संकट के कारण बाधित हुई घरेलू आपूर्ति को बहुत जरूरी राहत मिलेगी। यह एलपीजी वाहक वर्तमान में भारतीय नौसेना के संरक्षण में है, जो भारत की ओर अपनी यात्रा के अगले चरण के दौरान इस जहाज को सुरक्षा प्रदान कर रही है।

इसी बीच एक अन्य एलपीजी टैंकर 'नंदा देवी' ने भी होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया है। शनिवार को एक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में पत्तन, पोत परिवहन और




जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्लू) के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि फारस की खाड़ी में परिचालन कर रहे भारतीय जहाज सुरक्षित हैं और शिपिंग गतिविधियों की निरंतर बारीकी से निगरानी की जा रही है। सिन्हा ने बताया कि भारतीय ध्वज वाले दो एलपीजी वाहक शिवालिक और नंदा देवी ने शनिवार तड़के सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया था और अब भारत की ओर बढ़ रहे हैं। ये लगभग 92,700 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आ रहे हैं। इनके 16 और 17 मार्च को मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों पर पहुंचने की संभावना है। उन्होंने आगे जोड़ा कि वर्तमान में फारस की खाड़ी में भारतीय ध्वज वाले 22 जहाज परिचालन में हैं और अधिकारी शिपिंग कंपनियों और भारतीय मिशनों के साथ समन्वय में स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी में एक मीडिया कॉन्क्लेव के दौरान ईरानी राजदूत मोहम्मद फथाली ईरान ने कहा था कि उनके देश ने दोनों देशों के बीच पुरानी दोस्ती के कारण कई भारतीय जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी है।

# किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत

**बेमेतरा/मूक पत्रिका**






स्वास्थ्य विभाग जिला बेमेतरा में सर्वाइकल कैंसर से किशोरियों बचाने एच पी वी टीकाकरण अभियान की शुरुआत कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत 28 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर तथा स्वास्थ्य मंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ में राज्य स्तर पर एच पी वी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया था जिसके अंतर्गत राज्य कार्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप 16 मार्च 2026 को जिला चिकित्सालय के मातृ एवं शिशु अस्पताल बेमेतरा में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, जिला बेमेतरा के गरिमामयी उपस्थिति में एच.पी.वी. (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ लोकेश साहू, जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ. शरद कोहाड़े, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सुश्री लता बंजारे, शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. दीपक निराला, डॉ नीतेश चौबे,स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. एस.पी. कोसरिया, अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ. स्वाति यदु, प्रभारी मेट्रन एम.सी.एच., श्रीमती आरती दत्ता, जिला मिडिया प्रभारी संजय तिवारी, टीकाकरण सहायक देवेन्द्र नामदेव, व्ही.सी.सी.एम. सतीश सेन एवं अस्पताल के अधिकारी कर्मचारी, मितानिन, सहित लक्षित आयु वर्ग के किशोरी बालिकाएं एवं अभिभावगण उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि भारत सरकार द्वारा महिलाओ में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लांच किया गया है, जिससे महिलाओं के गर्भाशय में होने वाले कैंसर से बचाव किया जा सके साथ ही गर्भाशय कैंसर से होने वाले मातृ मृत्यु दर में कमी लायी जा सके। इसलिए प्रधानमंत्री द्वारा राजस्थान के अजमेर में 28 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ किया गया। साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिलों के जिला चिकित्सालय स्तर पर 16 मार्च 2026 से यह एचपीवी टीकाकरण अभियान जिला बेमेतरा में भी प्रारंभ किए जा रहे है, वर्तमान में जिला चिकित्सालय स्तर पर ही आगामी आदेश तक टीकाकरण सत्र का आयोजन किये जायेगें जिसके लिए जिला बेमेतरा को 4783 डोज़ एच.पी.वी. के टीके राज्य वैक्सीन भंडार से प्राप्त हुए है। टीकाकरण अभियान के लिए 14 वर्ष पूर्ण हो चुके एवं 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के किशोरी बालिकाओं को लक्षित किया गया है, जो कि जिले की कुल जनसंख्या का 1 प्रतिशत लगभग 11853 है, जिन्हे एच.पी.वी. का टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते हुए बताया गया कि एचपीवी वैक्सीन वर्तमान में जिले के जिला चिकित्सालय में प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत वही किशोरियां पात्र होगी जिन्होनें अपना 14 वॉ जन्मदिन मना लिया हो परन्तु 15 वॉ जन्मदिन नही मनाया हो। आयु प्रमाण पत्र के लिए आधार कार्ड/फोटो आई.डी. कार्ड मान्य किया जायेगा। टीकाकरण से पूर्व माता/पिता/अभिभावक से सहमती प्रमाण पत्र को भरवाकर कर निःशुल्क एच पी वी का टीकाकरण कराया जा सकेगा। इचपीवी टीका पूरी तरह से सुरक्षित है, जिसे विश्व भर के करोड़ों लोगों को लगाया जा चुका है। टीकाकरण के बाद सामान्यतः हल्का दर्द, सूजन, लालिमा या हल्का बुखार जैसे प्रतिकूल प्रभाव हो सकते है, जो कि सामान्य रूप से 1-2 दिनों में पैरासिटामोल की दवा से ठीक हो जाते है।

# रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 की तैयारी तेज

## मतदाता सूची तैयार करने हेतु अधिकारियों की नियुक्ति

**बेमेतरा/मूक पत्रिका**



कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), बेमेतरा (छ.ग.)
website:- bemetara.gov.in, Email- deo-bemetara.cg@nic.in, Phone No. 07824-222126
आदेश

क्रमांक/ 28 /फ.नं. 43/पंचा.उप निर्वा./2026 बेमेतरा, दिनांक 13/03/2026

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के पत्र क्रमांक/एफ/–35–01/तीन(एक)/पंचा.निर्वा./निर्वा.नामा./2024/206 रायपुर, दिनांक 11.03.2026 के परिपालन में त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत 01 जनपद सदस्य, 02 सरपंच एवं 16 पंच के उप निर्वाचन 2026 हेतु 01 अप्रैल 2026 के प्रतिनिर्देश से जिला बेमेतरा के विकासखण्डवार पंचायतों के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार/पुनरीक्षित किया जाना है।

अतः निम्नांकित कॉलम 02 में अंकित जनपद/ग्राम पंचायत की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 9(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद द्वारा कॉलम 03 में उल्लेखित अधिकारी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कॉलम 04 में उल्लेखित अधिकारी को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा कॉलम 05 में उल्लेखित अधिकारी को अपीलीय प्राधिकारी के पद पर नियुक्त किया जाता है, जो राज्य निर्वाचन आयोग के संलग्न दिशा-निर्देशों के अनुरूप एवं आदेश क्रमांक/एफ/–35–01/तीन(एक)/पंचा.निर्वा./निर्वा.नामा./2024/208 रायपुर, दिनांक 11.03.2026 द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे :-

| क्र. | जनपद/ग्राम पंचायत का नाम | रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कृत्यों के संपादन के लिए नियुक्त अधिकारी का पदनाम | सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कृत्यों के संपादन के लिए नियुक्त अधिकारी का पदनाम | अपीलीय अधिकारी के कृत्यों के संपादन के लिए नियुक्त अधिकारी का पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जनपद पंचायत बेमेतरा – ग्राम पंचायत पथर्रा, ग्राम पंचायत रामपुर | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा | तहसीलदार, बेमेतरा; तहसीलदार, दाढ़ी | श्री गुड्डुलाल जगत अपर कलेक्टर, बेमेतरा |
| 2 | जनपद पंचायत बेरला – ग्राम पंचायत कोदवा, ग्राम पंचायत भरदा, ग्राम पंचायत बावनलाख, ग्राम पंचायत रेवे, ग्राम पंचायत भरचद्दी, ग्राम पंचायत पलोरा, ग्राम पंचायत सिलघट प, ग्राम पंचायत सुरकोली | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला | तहसीलदार, बेरला; तहसीलदार, भिंभौरी | |
| 3 | जनपद पंचायत साजा – ग्राम पंचायत उमरावनगर, ग्राम पंचायत सोमईखुर्द | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा | तहसीलदार थानखम्हरिया; तहसीलदार, साजा | |
| 4 | जनपद पंचायत नवागढ़ – ग्राम पंचायत गुरुवा, ग्राम पंचायत अतरगंवा, ग्राम पंचायत बोटेबोड | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नवागढ़ | तहसीलदार, नवागढ़; तहसीलदार, नांदघाट | |

संलग्न:– उपरोक्तानुसार।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला बेमेतरा (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार कराने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति संबंधी आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिले में 01 जनपद सदस्य, 02 सरपंच तथा 16 पंच पदों के लिए उप निर्वाचन प्रस्तावित है। इसके लिए 01 अप्रैल 2026 की प्रतिनिर्देश तिथि के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार एवं पुनरीक्षित की जाएगी। यह संपूर्ण प्रक्रिया छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के प्रावधानों के तहत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपादित की जाएगी। आदेश में जनपद पंचायत बेमेतरा, बेरला, साजा और नवागढ़ के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को पंजीयन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

वहीं संबंधित क्षेत्रों के तहसीलदारों को सहायक पंजीयन अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया में सहयोग करेंगे। इसके अतिरिक्त अपर कलेक्टर गुड्डुलाल जगत को अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया गया है, जो मतदाता सूची से संबंधित आपत्तियों एवं अपीलों के निराकरण की जिम्मेदारी निभाएंगे। जिला प्रशासन के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूची तैयार करने की पूरी प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुनिश्चित की जाएगी, ताकि पंचायत उप निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके।

# प्रधान जिला न्यायाधीश व कलेक्टर ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा/मूक पत्रिका**



उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गये निर्देशानुसार बोर्ड आफ विजिटर्स के द्वारा जिला जेल जांजगीर का निरीक्षण प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा शक्ति सिंह राजपूत, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर मनोज कुमार कुशवाहा, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, नगर पुलिस अधीक्षक जांजगीर सुश्री योगिता खापेडे एवं सिटी कोतवाली निरीक्षक जे पी गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक डी.डी. टोडर, अधिवक्ता लीगल एट डिफेंस कार्उसिल सत्यनारायण सिंह ठाकुर, विनोद कुमार कश्यप, विष्णु प्रसाद अग्रवाल, अशोक यादव, पैरा लीगल वालेंटियर लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल, जयराम गढ़ेवाल सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता के संबंध में जिला जेल लीगल एड क्लिनिक की व्यवस्थाओं, जेल में स्थापित व्हीसी कक्ष, जेल बिल्डिंग की व्यवस्था, बैरकों के निर्माण, मुलाकात कक्ष, बंदियों को प्रदत सुविधा, भोजन की गुणवत्ता, शिकायत पेटी, पेयजल की व्यवस्था, बंदियों की कपड़ा की दशा, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था के साथ-साथ बंदियों के प्रकरण में आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर में मशरूम उत्पादन का जिला स्तरीय प्रशिक्षण

## 75 जनजातीय हितग्राहियों को सामग्री वितरित

**कांकेर/मूक पत्रिका**



**विक्रम ठाकुर** :-कांकेर कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर में 16-17 मार्च 2026 को अनुसूचित जनजाति योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय मशरूम उत्पादन तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मशरूम अनुसंधान निदेशालय सोलन (हिमाचल प्रदेश) से तकनीकी प्रशिक्षक डॉ. क्षेत कमल एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के मशरूम अनुसंधान केंद्र से डॉ. एच.पी. सिंह ने प्रशिक्षण दिया। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू के मार्गदर्शन में जिले से आए 75 जनजातीय महिला-पुरुषों को मशरूम उत्पादन की तकनीकी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान हितग्राहियों को मशरूम उत्पादन से संबंधित सामग्री जैसे ड्रम, बाल्टी, स्प्रे तथा मशरूम का बीज (दाना) भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ महुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भारत मटियारा ने हितग्राहियों को सामग्री वितरण करते हुए प्रशिक्षण के बाद रोजगारोन्मुख कार्य कर सफल भविष्य बनाने की शुभकामनाएं दी तथा प्रशिक्षकों और कृषि विज्ञान केंद्र के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम सहित कृषि विज्ञान केंद्र के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# सहायक आयुक्त ट्राईबल बद्रीश सुखदेवे ने की छिंद स्कूल में बारहवीं बोर्ड परीक्षा की जांच



**सारंगढ़-बिलाईगढ़/मूक पत्रिका**

जिले के उड़नदस्ता दल के सदस्य बद्रीश सुखदेवे सहायक आयुक्त आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास ने सारंगढ़ ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंद में कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा के इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) प्रश्न पत्र का जांच किया। इस दौरान बोर्ड के नियम निर्देश अनुसार हो रहे कार्य की जानकारी प्राचार्य ने दी।

# ग्राम खर्रा पहुंचे पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन कार्यक्रम में



**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम खर्रा में समिति एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा आयोजित श्री रामकथा मानस गान महोत्सव में सम्मिलित हुए इस अवसर पर पूर्व विधायक ने सर्व प्रथम प्रभु श्रीरामचंद्र भगवान का विधि-विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किए साथ ही समस्त जनमानस के सुख समृद्धि की कामना की इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि प्रभु श्री राम हम सभी के इष्ट हैं राम कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य जन्म के पापों का निवारण हो जाता है ऐसे में समिति के द्वारा जो यह राम कथा महोत्सव मनाने का जो निर्णय लिया गया है वह बहुत ही सराहनीय है मैं समिति को आभार करता हूं जिन्होंने मुझे इस पावन महोत्सव में आमंत्रित किया तथा मुझे भी राम कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इस शुभ अवसर पर रवि परगनिहा शुभम वर्मा देवलाल सिन्हा बिहारी यादव रामकुमार ताम्रकार परेटन दास वैष्णव मोहन दास वैष्णव संतोष परगनिहा पोषण साहू श्याम लाल पाठक हृदय राम साहू बीरेंद्र पाठक भरत लाल साहू सुरेश वैष्णव भागवत साहू राम सोहागी साहू भाग बली साहू सहित बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खर्रा में आनंद मानस मण्डल एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा आयोजित दो-दिवसीय सस्वर मानस गान सम्मेलन में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ एवं ग्रामवासियों उपस्थित रहे ।

# नव नियुक्त पदाधिकारियों ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा से मिलकर जताया आभार, संगठन में युवाओं को मिली प्राथमिकता

**बेमेतरा/मूक पत्रिका**




जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अंतर्गत बेरला ब्लॉक, बेमेतरा ब्लॉक एवं बेमेतरा शहर के नव नियुक्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यालय पहुंचे। इस दौरान सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनसे सौजन्य भेंट कर संगठन में अवसर देने के लिए आभार प्रकट किया इस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस संगठन द्वारा इस बार युवाओं को विशेष प्राथमिकता दी गई है, जिससे युवाओं में उत्साह और नई ऊर्जा देखने को मिल रही है। संगठन में युवाओं को जिम्मेदारी मिलने से जमीनी स्तर पर संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी से पार्टी की विचारधारा को आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सकेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे, वहीं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए दायित्व को वे पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे तथा पार्टी को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता और समन्वय पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए अनुशासन और आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिलकर प्रयास करें। आशीष छाबड़ा ने कहा कि संगठन में युवाओं और महिलाओं की बढ़ती भागीदारी कांग्रेस की शक्ति है और आने वाले समय में यही कार्यकर्ता संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेंगे। इस दौरान बेरला ब्लॉक, बेमेतरा ब्लॉक एवं बेमेतरा शहर के नव नियुक्त पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता एवं महिला कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# खाद्य विभाग की कार्यवाहीः होटलों-ढाबों पर छापा, 11 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**जांजगीर-चांपा/मूक पत्रिका**



कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार खाद्य विभाग की टीम ने पामगढ़, शिवरीनारायण एवं आसपास के क्षेत्रों में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न होटलों और ढाबों में दबिश देकर ÷द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश, 2000÷ के उल्लंघन के मामले पाए गए, जिन पर जब्ती की कार्यवाही की गई। जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया कार्रवाई के दौरान शेरगढ़ फैमिली रेस्टोरेंट एवं ढाबा से 03 घरेलू गैस सिलेंडर, प्रेशर रेगुलेटर एवं गैस पाइप जब्त किए गए। एल.के. होटल, मेउभाटा से 02 घरेलू गैस सिलेंडर (एक भरा एवं एक खाली), गैस चूल्हा, रेगुलेटर तथा पाइप जब्त किया गया। इसी प्रकार बाबा कैफे एण्ड पराठा हाउस से 02 घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम क्षमता वाले), रेगुलेटर, पाइप एवं दो मुंहे वाला गैस चूल्हा जब्त किया गया। ब्रदर्स कैफे एण्ड फैमिली रेस्टोरेंट से 02 घरेलू गैस सिलेंडर (एक भरा व एक खाली) तथा रेगुलेटर जब्त किया गया, वहीं भैयाजी रेस्टोरेंट से 02 भरे हुए घरेलू गैस सिलेंडर और रेगुलेटर-पाइप जब्त किए गए। इस कार्रवाई में कुल 11 घरेलू गैस सिलेंडर के साथ गैस चूल्हा, प्रेशर रेगुलेटर एवं गैस पाइप जब्त किए गए। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग प्रतिबंधित है और ऐसे मामलों में नियमों के तहत लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

**सीजी एसीई, यूपीएससी, सीजीपीएससी सहित बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उड़ान, शिखर और मंजिल' से मिलेगा युवाओं को विशेष अवसर**

# मनखे–मनखे एक समान के सिद्धांत पर चल रही है हमारी सरकार : मंत्री गुरु खुशवंत साहेब

**अनुसूचित जाति विकास विभाग के लिए 573 करोड़ रूपए की अनुदान मांग पारित**

**अनुसूचित जाति उपयोजना में 12 हजार 970 करोड़ का प्रावधान, छात्रों और आजीविका पर जोर**

**छात्रावास नहीं मिलने वाले विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा सहयोग योजनाः ढाई करोड़ रूपए का प्रावधान**

**विभिन्न जिलों में छात्रावास भवनों के लिए 25 करोड़ का प्रावधान**

**सतनाम पंथ के तीर्थ स्थलों का होगा विकास, गिरौदपुरी-भण्डारपुरी क्षेत्र में नई सुविधाएं**



रायपुर,16 मार्च 2026/ अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के विभाग के लिए 12 हजार 970 करोड़ रूपए की अनुदान मांगें विधानसभा में आज पारित कर दी गई है। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने विधानसभा में वर्ष 2026-27 के लिए अनुसूचित जाति विकास विभाग के अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में कहा कि हमारी सरकार समाज के अंतिम छोर पर खड़े अनुसूचित जाति वर्गों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रातः स्मरणीय, विश्ववंदनीय परम् पूज्य बाबा गुरु घासीदास बाबा जी के मनखे-मनखे एक समान के संदेश पर चल रही है। इसी कड़ी में सरकार अनुसूचित जातियों की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए उनके समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। मंत्री गुरु साहेब ने बताया कि अनुसूचित जाति कल्याण हेतु 7 करोड़ 15 लाख 39 हजार रुपये तथा अनुसूचित जाति उपयोजना हेतु 565 करोड़ 89 लाख 8 हजार रुपये का प्रावधान किया गया है। इस प्रकार कुल बजट 573 करोड़ 4 लाख 47 हजार रुपये बजट का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष के मुख्य बजट 531 करोड़ 17 लाख 64 हजार रुपये की तुलना में 7.88 प्रतिशत अधिक है।

**अनुसूचित जाति उपयोजना में बड़ा प्रावधान**-मंत्री श्री गुरू खुशवंत साहेब ने बताया कि राज्य के मुख्य बजट में अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत विभिन्न विभागों के माध्यम से 12,970 करोड़ 2 लाख 45 हजार रुपए का समेकित बजट प्रावधान किया गया है। यह राशि विकास और अधोसंरचना से जुड़ी योजनाओं पर खर्च की जाएगी।

**नई योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए**-गुरु खुशवंत साहेब ने सदन में बताया कि बजट में कई नई योजनाओं के लिए प्रावधान किया गया है। इनमें अनुसूचित जाति विकास संचालनालय की स्थापना के लिए 30 नए पदों के सृजन हेतु 2 करोड़ 26 लाख 4 हजार रुपये का प्रावधान शामिल है। परंपरागत चर्म शिल्प व्यवसाय से जुड़े लोगों की आजीविका सुधारने के लिए प्रशिक्षण और सामग्री उपलब्ध कराने हेतु 2 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**छात्रावास और शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार**-मंत्री गुरु साहेब ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 342 प्री-मैट्रिक छात्रावास, 92 पोस्ट-मैट्रिक छात्रावास और 51 आश्रम संचालित हैं, जिनमें कुल 25 हजार 927 सीटें स्वीकृत हैं। उन्होंने बताया कि भवन विहीन संस्थाओं के लिए नए भवनों के निर्माण हेतु 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इसके तहत बिलासपुर, मुंगेली, रायपुर, जशपुर और बेमेतरा जिलों में छात्रावास, क्रीड़ा परिसर और आवासीय विद्यालय बनाए जाएंगे। प्रदेश के बड़े शहरों छात्रावासों में प्रवेश नहीं मिल पाने पर विद्यार्थियों को सहायता देने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा सहयोग योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 50 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही विद्यार्थियों के शैक्षणिक अध्ययन भ्रमण के लिए एक करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नई योजना के तहत** –अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को उच्च प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने हेतु सीजी-अस्सिटेंस फॉर कम्पेटीटिव एक्जामिनेशन योजना शुरू किया जाएगा। इसके तीन घटक क्रमशः 'उड़ान', 'शिखर' और 'मंजिल' के लिए कुल 7 करोड़ 47 लाख 70 हजार रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के माध्यम से इंजीनियरिंग, मेडिकल, यूपीएससी, सीजीपीएससी, एसएससी, रेलवे और बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी हमारे युवा प्रतिभागी कर सकेंगे।

**धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों का विकास** -मंत्री गुरु साहेब ने बताया कि सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास बाबा जी से जुड़े तीर्थ स्थलों के विकास के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है।गिरौदपुरी-भण्डारपुरी क्षेत्र में सोलर स्ट्रीट लाइट, सतनाम मार्ग के विकास और सामुदायिक भवन निर्माण के लिए राशि का प्रावधान की गई है। इसके लिए कुल 2.50 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

**अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बढ़ी राशि**-सरकार ने अनुसूचित जाति बाहुल्य जिलों के विकास के लिए गठित प्राधिकरण के बजट में 25 करोड़ रुपये की वृद्धि करते हुए इसे 75 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा है। मंत्री गुरु साहेब ने कहा कि सामाजिक समरसता के संदेश ÷मनखे-मनखे एक समान÷ को आधार बनाकर सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान और विकास के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

# ग्राम नेवनारा में सूरजमुखी की खेती से खुल रहे समृद्धि के नए रास्ते, कृषि विभाग के मार्गदर्शन से 1 एकड़ से बढ़कर 37 एकड़ तक पहुंचा रकबा, किसानों में बढ़ी उत्साह

**बेमेतरा/मूक पत्रिका**



जिले के ग्राम नेवनारा में इस वर्ष किसानों ने तिलहन उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहल करते हुए सूरजमुखी की खेती को बड़े पैमाने पर अपनाया है। पिछले वर्ष जहां गांव में केवल 1 एकड़ क्षेत्र में सूरजमुखी की खेती की गई थी, वहीं इस वर्ष कृषि विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन और किसानों की बढ़ती जागरूकता के चलते इसका रकबा बढ़कर 37 एकड़ तक पहुंच गया है। इससे गांव में बेहतर उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को समय-समय पर प्रशिक्षण, उन्नत किस्म के बीज, संतुलित उर्वरकों के उपयोग तथा कीट एवं रोग प्रबंधन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विभागीय अधिकारियों ने खेतों का नियमित निरीक्षण कर किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। किसानों को कतार पद्धति से बुवाई, उचित सिंचाई प्रबंधन, समय पर निराई-गुड़ाई तथा संतुलित पोषण प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण कृषि उपायों की जानकारी दी गई, जिससे फसल की वृद्धि बेहतर हुई और खेतों में सूरजमुखी की फसल अच्छी स्थिति में दिखाई दे रही है। ग्राम नेवनारा के किसानों का कहना है कि सूरजमुखी कम अवधि में तैयार होने वाली लाभकारी तिलहन फसल है। यह फसल कम समय में अच्छी आय देने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने में भी सहायक होती है। किसानों ने बताया कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो इस वर्ष सूरजमुखी की पैदावार बेहतर होने की संभावना है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा। इस वर्ष गांव के किसानों ने सामूहिक रूप से सूरजमुखी की खेती अपनाकर यह साबित किया है कि सही तकनीकी मार्गदर्शन और सामूहिक प्रयासों से खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को निरंतर तकनीकी सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है, जिससे खेती में नवाचार को बढ़ावा मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से किसानों को उन्नत बीज, तकनीकी सलाह, प्रशिक्षण तथा विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव अब गांवों में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। ग्राम नेवनारा में सूरजमुखी की बढ़ती खेती अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन रही है। यदि इसी तरह किसान आधुनिक तकनीकों को अपनाते रहे और विभागीय मार्गदर्शन मिलता रहा, तो आने वाले समय में यह गांव तिलहन उत्पादन के क्षेत्र में एक मॉडल के रूप में उभर सकता है। यह पहल न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगी बल्कि देश को तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

# रायगढ़ हाउसिंग बोर्ड को आवंटित जमीन को भी भू-माफिया ने बेचा

## सहदेवपाली में एक एकड़ जमीन पर बसाया कई बाहरियों को, तहसीलदार बेबस

**रायगढ़/मूक पत्रिका**



सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण के मामले में राजस्व विभाग विभाग बेबस हो चुका है। कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदारों को सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे पर तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए हैं, लेकिन अफसर मजबूर हैं। इसी का फायदा उठाकर भूमाफियाओं ने सहदेवपाली में उस जमीन को भी बेच दिया है जो छग हाउसिंग बोर्ड को आवंटित की गई थी। एक तरह सरकारी विभागों को दफ्तर बनाने, कई प्रोजेक्ट का निर्माण करने के लिए सरकारी जमीन नसीब नहीं हो रही है। स्कूल और कॉलेज बनाने के लिए भी जमीन खोजना मुश्किल हो चुका है। शहर के आसपास सरकारी जमीन ही नहीं बची है। जो बची है उस पर भूमाफियाओं का कब्जा होता जा रहा है। शासकीय भूमि को अपनी पैतृक संपत्ति मानकर ये भूमाफिया अवैध बस्तियां बसाते जा रहे हैं। दीगर प्रांतों से आने वाले लोगों को दो-चार लाख में हजारों वर्गफुट भूमि बेच दी जाती है। ताजा मामला सहदेवपाली का है। यहां रोड किनारे से लेकर अंदर तक करीब 100 एकड़ सरकारी जमीन है। प्रशासन को न तो इसकी जानकारी है और न कोई तहसीलदार इसकी जानकारी देना चाहता है। इसके पीछे क्षेत्र में हावी होते भू-माफिया हैं। यहां कोई भी सरकारी जमीन इनसे बची नहीं है। बाहर से आए लोगों को जमीन दिखाकर बसा लिया जाता है। शासन ने सहदेवपाली में कार्यपालन अभियंता छग हाउसिंग बोर्ड को खनं 137 रकबा 0.405 हे. और खनं 143 रकबा 0.0570 हे. कुल 0.462 हे. आवंटित है। एक एकड़ से अधिक इस जमीन में हाउसिंग बोर्ड कुछ बनाने की सोचता, इससे पहले ही भू-माफिया अपना काम कर गए। जमीन पर छोटे-बड़े 40 मकान बनाए जा चुके हैं। इसकी जानकारी पुसौर तहसीलदार को भी है लेकिन मजे की बात है कि उन्होंने आंख-कान बंद कर लिए हैं।

# कमजोर व्यक्ति के कब्जे पर जेसीबी चलाना और अन्य व्यक्तियों के कब्जे को छोड़ देना कहां का न्याय : मोहनीश नाग

**तोकापाल/मूक पत्रिका**



ब्लॉक के कुरेंगा गांव में हाल ही में प्रशासन द्वारा की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले में युवा नेता मोहनीश नाग ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कार्रवाई केवल कमजोर और गरीब लोगों पर ही क्यों की जा रही है, जबकि अन्य प्रभावशाली लोगों के कब्जों को नजरअंदाज किया जा रहा है। मोहनीश नाग ने कहा कि कुरेंगा में जिस तरह से कुछ परिवारों के कब्जे पर जेसीबी चलाकर तोड़फोड़ की गई, उससे क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहा है तो उसे निष्पक्ष और समान रूप से सभी पर लागू करना चाहिए, न कि चुनिंदा लोगों को ही निशाना बनाना चाहिए।उन्होंने कहा कि कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए। यदि कमजोर लोगों के घर और कब्जे पर ही कार्रवाई होगी और अन्य लोगों को छोड़ दिया जाएगा, तो यह न्याय नहीं बल्कि भेदभावपूर्ण कार्रवाई मानी जाएगी।

इससे प्रशासन की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े होते हैं।मोहनीश नाग ने प्रशासन से मांग की है कि कुरेंगा में हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि अतिक्रमण हटाना है तो बिना किसी भेदभाव के सभी अवैध कब्जों पर समान कार्रवाई की जाए, ताकि जनता का भरोसा प्रशासन पर बना रहे।

# भू माफियों का जोरदार खेल,आवंटित कृषि भूमि को कई टुकड़ों में प्लांट बनाकर बेचा

## विजयपुर में अवैध प्लाटिंग की नई इबादत, जिम्मेदार शासन प्रशासन मौन

**रायगढ़/मूक पत्रिका**







राजस्व अनुविभाग में इस तरह आवंटन भूमि व शासकीय भूमि को बेचने का सिलसिला निरंतर जारी है रुकने का नाम नहीं ले रही है बोइरदादर, विजयपुर, लमींदरहा, बड़े अतरमुड़ा व अन्य क्षेत्रों में शासकीय भूमि की शुद्ध नहीं ली जा रही है व भूमाफिया कब्ज़ा कर बेचने मे लगे है जिम्मेदार मुकदर्शक बने हैं सरकारी जमीनो को कब्ज़ा कर स्टांप मे लिखा पढ़ी कर बेचने के मामले मे आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई हर अधिकारी के तेवर नरम पढ़ चुके हैं इसकी देखा देखी अब सरकार के पट्टे पर आवंटित जमीन पर भी प्लाटिंग हो चुकी है स्टांप पेपर में लिखकर ऐसी जमीनों को टुकड़ों में बेचा गया है मामला रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र के विजयपुर का है विजयपुर मे 2 एकड़ जमीन पर कई लोगों के आलीशान मकान बन रहे हैं बोइरदादर व विजयपुर मे खरीदी बिक्री का कार्य जोरो से चल रहा है कोई भी किसी भी ज़मीन पर प्लाट काट रहा है ना रजिस्ट्री, ना डायवर्सन, ना रेरा पंजीयन, ना ही विकास अनुज्ञा आसानी से रुपए कमाने की चाह में कई लोगों ने आवंटन भूमि को कौड़ियों के मोल मे बेच डाला . वार्ड नंबर 47 विजयपुर मे शासन ने भूमिहिनो को एक एकड़ जमीन शासकीय भूमि पट्टे पर प्रदान की गई थी ताकि कृषि कार्य कर सके खसरा नंबर 4/9 रकबा 0.405 हेक्टेयर का आवंटन रघु खड़िया को किया गया था जब की खसरा नंबर 4/11 रकबा 0.405हेक्टर का आवंटन बाबूलाल , पुनीलाल पिता रामप्रसाद व अन्य को आवंटित किया गया था वर्तमान में दोनों की जमीन समान रूप से 0.085 हेक्टेयर रास्ते के लिए शासन को दिया गया बाकी जमीन को उन्होंने पहले ही बेच दिया है दोनों ने करीब 20 लोगो को स्टांप पेपर पर जमीन बेची हैं अब इस जगह पर मकान का निर्माण हो रहा है शासकीय रिकॉर्ड मे ये भूमि आज भी कृषि भूमि दर्ज है दोनों ही भू स्वामियों ने आवंटित जमीनों को कई टुकड़ों मैं बाटकर स्टांप में बेचा है आवंटित भूमि होने के कारण बिना कलेक्टर की अनुमति के विक्रय नहीं हो सकता लेकिन नियम विरुद्ध कृषि भूमि को टुकड़ों में बेच दिया गया है अब इस जमीन पर खेती के बजाय आलीशान मकानो की फ़सल लहलाह रही है कहीं मकान 40- 50 लाखों की लागत से बना रहे हैं कुछ ने व्यावसायिक निर्माण कर लिये है।

# ट्रैफिक चालान का बढ़ता ग्राफ 28 प्रकरण में 44 हजार का जुर्माना





**सारंगढ़-बिलाईगढ़/मूक पत्रिका**

यातायात नियमों का पालन कराने के लिए जिले के यातायात दल ने कार और मोटर सायकल ड्राइविंग के दौरान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट नहीं पहनने और तीन सवारी आदि पर, 194 बी 1, 50/177, 130, 122, 128, 179, 112, 115 जैसे धाराओं के तहत कुल 28 प्रकरण में 44 हजार 300 रूपये की यातायात चालानी कार्यवाही की गई।

इस कार्य में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक जितेन्द्र चन्द्रा, उप निरीक्षक समेलाल सोनवानी, प्रधान आरक्षक मुकेश साहू, आरक्षक अक्षय रात्रे और सनसाई तिग्गा आदि शामिल थे।

# ई एसआई कार्ड कर्मचारियों को नहीं मिला चारामा नगर पंचायत सीएमओ को बर्खास्त करने की मांग

**कांकेर/मूक पत्रिका**



**विक्रम ठाकुर** :-कांकेर चारामा नगर पंचायत में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को अभी तक ई एसआई कार्ड वितरित नहीं करने के लिए दोषी जिम्मेदार सीएमओ पर कानूनी कार्यवाही कर उन्हें बर्खास्त करने की मांग छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय कर्मचारी यूनियन ने जिलाधीश से की है। आज जारी एक प्रेस बयान में यूनियन के प्रांतीय महासचिव भाव सिंह कश्यप ने कहा कि 3 माह पूर्व जिला के सभी निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को ई एसआई कार्ड वितरित करने की मांग यूनियन ने जिलाधीश से किया था। जिसके पश्चात लगभग सभी निकायों में प्लेसमेंट कर्मचारियों को ई एसआई कार्ड वितरित किया गया था। लेकिन चारामा नगर पंचायत में आज दिनांक तक कर्मचारियों को ई एसआई कार्ड वितरित नहीं किया गया है। भाव सिंह ने कहा कि चारामा के सीएमओ प्लेसमेंट कर्मचारी के मुख्य नियोक्ता है, उनकी ही प्रमुख जिम्मेदारी है कि इसकी देखवरेख करें कि ठेकेदार सरकार के सभी आदेशों और श्रम कानून का पालन कर रही हो। लेकिन सीएमओ का कर्मचारियों के प्रति इस तरह की लापरवाही नियमों का उल्लंघन करने में ठेकेदार के हौसले को बुलंद करता है और वे कर्मचारियों के अधिकार का हनन करते है। मजदूर नेता ने जिला के सभी निकायों के सीएमओ की आलोचना करते हुए कहा पिछले 12 वर्षों से कर्मचारियों के वेतन से ई एसआई का अंशदान की कटौती हो रहा है लेकिन कर्मचारियों को ई एसआई कार्ड 12 वर्षों के बाद जिलाधीश के शिकायत के बाद वितरित करना कर्मचारियों के प्रति सीएमओ की लापरवाही और उदासीनता को ही साबित करता है। उन्होंने निकाय अधिकारियों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इन 12 वर्षों में अनेकों कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा हेतु भारी भरकम राशि खर्च हुआ है अगर उनके पास ई एसआई कार्ड होता तो उन्हें चिकित्सा में हुए खर्च का राशि वापसी हो जाता। कर्मचारियों के इस भयानक आर्थिक नुकसान के लिए निकाय के सीएमओ और ठेकेदार मुख्य रूप से जिम्मेदार है। यूनियन नेता ने कहा कि यूनियन को अंदेशा है कि कर्मचारियों के वेतन से की गई कटौती और निकाय के अंशदान की राशि ईएसआई में नियमित रूप से जमा नहीं हुआ है। मजदूर नेता ने जिलाधीश से जिला के सभी निकायों में इस पूरी पक्रिया का जांच कराने का आग्रह किया हैं।

# संस्कृति व्यापार मेला 2026 के नौवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

**बेमेतरा/मूक पत्रिका**



ड्रीम सनराइज वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित ÷संस्कृति व्यापार मेला 2026÷ के नौवें दिवस पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बेमेतरा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं रायपुर शहर भाजपा जिला प्रभारी राजेन्द्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्य स्तर से आए प्रतिभागियों ने लोकनृत्य, गीत-संगीत और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांध दिया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुति और ऊर्जा ने पूरे मेले के वातावरण को उत्सवमय बना दिया। दर्शकों ने कलाकारों की प्रतिभा का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत और उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ख्याति प्राप्त हास्य कलाकार कचरा बोदरा बाई की प्रस्तुति रही। उनकी हास्य शैली और मनोरंजक कार्यक्रम ने उपस्थित जनसमूह को खूब गुदगुदाया और दर्शकों को हँसी से लोटपोट कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेन्द्र शर्मा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक एवं व्यापारिक मेलों से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है और समाज में सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, सांस्कृतिक परंपराओं और व्यापारिक गतिविधियों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासियों सहित आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों की उपस्थिति रही। अंत में मुख्य अतिथि ने ड्रीम सनराइज वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों, सदस्यों और सहयोगियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर करते रहने की शुभकामनाएं दीं।

## केवीके बेमेतरा में 60 से अधिक किसानों को दी गई उन्नत तकनीकों की जानकारी

# अलसी फसल के उत्पादन व मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने कृषक प्रशिक्षण आयोजित

**बेमेतरा/मूक पत्रिका**






प्रदेश में तिलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने तथा अलसी फसल के विपुल उत्पादन और उसके मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) बेमेतरा द्वारा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय समन्वित अलसी अनुसंधान परियोजना, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर तथा कृषि विभाग बेमेतरा के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड बेमेतरा के चयनित ग्रामों में अलसी की उन्नत किस्मों का किसानों के प्रक्षेत्र में अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन (फ्रंट लाइन डेमो) संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को अलसी फसल के वैज्ञानिक उत्पादन, प्रबंधन तथा मूल्य संवर्धन से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. संदीप भंडारकर, अधिष्ठाता, रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया, डॉ. संजय द्विवेदी, प्रमुख वैज्ञानिक (सस्यविज्ञान), इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ. टी.डी. साहू, सह प्राध्यापक, डॉ. साक्षी बजाज, सहायक प्राध्यापक, डॉ. राजेश एक्का, कीट वैज्ञानिक तथा श्री तोषण कुमार ठाकुर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र बेमेतरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. संदीप भंडारकर ने देश में तिलहनी फसलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को उन्नत किस्मों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तिलहनी फसलों का रकबा और उत्पादन बढ़ाकर देश में खाद्य तेल के आयात को कम किया जा सकता है तथा भारत को खाद्य तेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं। वहीं डॉ. संजय द्विवेदी ने अलसी के पौष्टिक गुणों तथा उसके वैज्ञानिक उत्पादन तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अलसी एक ऐसी तिलहनी फसल है जिसे अपेक्षाकृत कम पानी की आवश्यकता होती है, इसलिए किसानों को धान की खेती के विकल्प के रूप में भी अलसी की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे इसके क्षेत्रफल में वृद्धि हो सके और किसानों को अतिरिक्त आय का स्रोत प्राप्त हो। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डॉ. साक्षी बजाज ने अलसी फसल में खरपतवार नियंत्रण की तकनीकों के बारे में जानकारी दी, जबकि डॉ. राजेश एक्का ने कीट प्रबंधन से संबंधित उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं डॉ. टी.डी. साहू ने अलसी के मूल्य संवर्धित उत्पादों तथा अलसी के रेशे से हैंडलूम उत्पाद तैयार करने की संभावनाओं के बारे में किसानों को बताया। कार्यक्रम में केवीके बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री तोषण कुमार ठाकुर ने अलसी फसल के प्रदर्शन कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए किसानों को फसल चक्र अपनाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि फसल चक्र अपनाने से न केवल मृदा स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि फसलों में रोग एवं कीट प्रकोप की संभावना भी कम हो जाती है और कृषि उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर होती है। कार्यक्रम के बाद विश्वविद्यालय के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. संजय द्विवेदी के नेतृत्व में लाभान्वित किसानों के प्रक्षेत्रों का भ्रमण एवं निरीक्षण भी किया गया।

इस दौरान निरीक्षण दल में वैज्ञानिक श्री डोमन सिंह टेकाम, डॉ. राजेश एक्का तथा क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री राजेश कुमार टंडन भी शामिल रहे। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. जितेन्द्र जोशी, डॉ. लव कुमार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री वी.के. टंडन सहित जिले के 60 से अधिक किसान उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को अलसी की उन्नत खेती, उत्पादन तकनीक तथा मूल्य संवर्धन की जानकारी प्राप्त हुई, जिससे भविष्य में जिले में तिलहनी फसलों के क्षेत्रफल और उत्पादन में वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है।

## संपादकीय

# भारतीय रसोईघर तक आई ईरान-इजरायल युद्ध की आंच

दुनिया भर में युद्ध सैन्य मोर्चों पर लड़े जाते रहे हैं, लेकिन उसकी आंच में आम लोग झुलसते हैं। ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद इस युद्ध का दायरा जिस स्वरूप में फैला है, उसका असर अब आशंका के अनुरूप सामने आना शुरू हो चुका है। समस्या यह है कि दुनिया के ज्यादातर देश आमतौर पर हर समय इतनी पूर्व-सावधानी नहीं बरतते हैं कि युद्ध से उपजी आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी उपायों को लेकर अपनी ओर से अगले कई महीनों के लिए पूरी तैयारी रखें। कई बार अचानक पैदा होने वाले हालात में पहले आपूर्ति का मोर्चा बाधित होता है। उसके बाद आम लोगों के जीवन-बसर के लिए अनिवार्य चीजों की कमी शुरू हो जाती है और फिर उसका असर बाहर भी दिखने लगता है, जिसमें लोगों के बीच रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की समस्या को लेकर चिंता ज्यादा बढ़ जाती है। इजराइल और अमेरिका के ईरान पर हमले के दस दिन बाद कई देशों में लगभग यही स्थिति बन रही है। जहां तक भारत का सवाल है, तो जब से ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते को रोका है, तब से तेल टैंकरों की आवाजाही और गैस की आपूर्ति भी व्यापक रूप से बाधित हुई है। इसके अलावा, ईरान ने जवाबी हमले के तौर पर जिस तरह खाड़ी के कई देशों के तेल रिफाइनरियों पर हमले किए, उसके बाद कच्चे तेल का संकट ज्यादा गहरा गया है।हालांकि होर्मुज मार्ग पर ईरान के रुख के बाद यह साफ हो गया था कि अगर यह युद्ध थोड़ा लंबा खिंचा, तो दुनिया के कई देश इससे बुरी तरह प्रभावित होंगे। तेल और गैस के अभाव की वजह से न सिर्फ आम जनजीवन में अफरा-तफरी पैदा होगी, बल्कि बड़े पैमाने पर आर्थिक संकट खड़ा होगा। इसी क्रम में भारत में अब यह साफ दिखने लगा है कि अगर सरकार की ओर से जल्दी ही कोई उपयुक्त कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति जटिल हो सकती है।दरअसल, युद्ध की आंच अब भारत में रसोईघरों और व्यापार तक पहुंचनी शुरू हो गई है। एलएनजी यानी तरल प्राकृतिक गैस और एलपीजी यानी तरल पेट्रोलियम गैस के मामले में भारत आमतौर पर आयात पर निर्भर रहा है। यही वजह है कि होर्मुज समुद्री रास्ते से तेल टैंकरों की आवाजाही बाधित होने के बाद भारत में अब एलपीजी की किल्लत का खतरा मंडराने लगा है और कई राज्यों में रेस्तरां तथा होटलों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति में मुश्किल शुरू हो गई है।साथ ही बाजार में खाने-पीने की चीजों से लेकर अन्य सामान की कीमतों में इजाफे की रफ्तार तेज हो गई है। असली समस्या रसोई गैस और अन्य सामान की आपूर्ति है, जिसमें भारी कमी की वजह से लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन रहा है। हालत यह है कि आने वाले दिनों में संकट गहराने की आशंका से ज्यादातर लोग एहतियातन एलपीजी सहित अन्य सामान लेने के लिए कतारों में खड़े दिखने लगे हैं।एक ओर, जरूरत से ज्यादा खरीदारी और दूसरी ओर कारोबारियों की अवैध जमाखोरी या भंडारण की वजह से कालाबाजारी और महंगाई जैसे संकट के मद्देनजर सरकार को आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू करना पड़ा है। मगर यह सुनिश्चित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है कि रसोई गैस या परिवहन इस हद तक नियंत्रित न हों कि इससे रोजमर्रा की अनिवार्य गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।यह भी देखने की जरूरत होगी कि अगर जरूरी वस्तुओं की कमी का संकट गहराया, तो वैकल्पिक स्रोतों से उसे कैसे पूरा किया जाएगा।

---

**ट्रम्प ने भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया एवं 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ यह कहते हुए लगाया कि भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात करता है एवं इसे प्रसंस्कृत करने के उपरांत यूरोपीय देशों को पेट्रोल एवं डीजल के रूप में निर्यात करता है। इस प्रक्रिया में ट्रम्प ने यह निष्कर्ष निकाला भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल को खरीदने से रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले को बल मिलता है और भारत इस युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से फंडिंग कर रहा है। इस प्रकार, भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर दिनांक 27 अगस्त 2025 से 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया गया है। इससे भारत के पूंजी (शेयर) बाजार में हाहाकर मच गया एवं विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार भारत से अपने निवेश को निकाल रहे हैं।**

# अंतरराष्ट्रीय संदर्भ, वैश्विक व्यापार चुनौतियां और भारत की रणनीति

(प्रह्लाद सबनानी)

ट्रम्प ने भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया एवं 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ यह कहते हुए लगाया कि भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात करता है एवं इसे प्रसंस्कृत करने के उपरांत यूरोपीय देशों को पेट्रोल एवं डीजल के रूप में निर्यात करता है।

अमेरिका में 20 जनवरी 2025 को डोनाल्ड ट्रम्प ने 47वें राष्टपति के रूप में शपथ ली थी। ट्रम्प के अमेरिकी राष्टपति बनने के बाद से ही पूरी दुनिया में, विशेष रूप आर्थिक क्षेत्र में भारी उथल पुथल दिखाई दी है। ट्रम्प ने मेक अमेरिका ग्रेट अगेन - अमेरिका को पुनः महान बनायें - के नारे के साथ यह राष्टपति चुनाव जीता था। अतः उन्होंने अमेरिका को एक बार पुनः विश्व के विनिर्माण हब के रूप में स्थापित करने का बीड़ा उठाया है। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु उन्होंने विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर टैरिफ लगाने का निर्णय लेते हुए, इस निर्णय को शीघ्र ही लागू भी कर दिया। उनका सोचना था कि उनके इस निर्णय से विभिन्न उत्पादों के निर्यातक अमेरिका में इन उत्पादों को निर्यात करने के प्रति निरुत्साहित होकर इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ कर देंगे। इस कार्य को यदि धीमे धीमे एवं संरचित रूप से किया जाता तो सम्भव है कि पूरे विश्व में अफरा तफरी जैसा माहौल नहीं बनता। परंतु, ट्रम्प ने कुछ देशों (चीन, आदि) से विभिन्न वस्तुओं के अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 500 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी एवं अन्य देशों को भी लगातार इस प्रकार की धमकी देना प्रारम्भ कर दिया।

ट्रम्प ने भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया एवं 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ यह कहते हुए लगाया कि भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात करता है एवं इसे प्रसंस्कृत करने के उपरांत यूरोपीय देशों को पेट्रोल एवं डीजल के रूप में निर्यात करता है। इस प्रक्रिया में ट्रम्प ने यह निष्कर्ष निकाला भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल को खरीदने से रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले को बल मिलता है और भारत इस युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से फंडिंग कर रहा है। इस प्रकार, भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर दिनांक 27 अगस्त 2025 से 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया गया है। इससे भारत के पूंजी (शेयर) बाजार में हाहाकर मच गया एवं विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार भारत से अपने निवेश को निकाल रहे हैं।

ट्रम्प अमेरिका में होने वाले विभिन्न वस्तुओं के आयात पर लगाए गए टैरिफ पर ही नहीं रुके बल्कि अपनी साम्राज्यवादी सोच को पुनः लागू करने के उद्देश्य को भी स्पष्ट रूप से झलका दिया। प्रभुतासम्पन्न देश वेनेजुएला के राष्टपति को गिरफ्तार कर अमेरिका में लाया गया एवं उन पर अमेरिका में मुकदमा चलाया गया।

दरअसल, अमरीका की नजर वेनेजुएला के कच्चे तेल के अपार भंडार पर है। जिस पर अमेरिका अपना कब्जा स्थापित करते हुए इसके उपयोग पर अपना नियंत्रण स्थापित करना चाहता है। साथ ही, डेनमार्क के नियंत्रण में एक द्वीप, ग्रीनलैंड पर अमेरिका अपना आधिपत्य स्थापित करना चाहता है। इसी प्रकार की धमकियां, मेक्सिको, क्यूबा, ईरान आदि देशों को भी दी गई हैं।



ट्रम्प के उक्त प्रकार के निर्णयों के चलते अब तो वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के बीच आपसी सम्बंधो पर प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत भी अछूता नहीं रहा है एवं हाल ही के समय में भारत के अमेरिका के साथ सम्बन्धों में कुछ खटास आई है। अन्यथा, कुछ समय पूर्व तक भारत एवं अमेरिका एक दूसरे के रणनीतिक साझेदार माने जाते रहे हैं। विदेशी व्यापार के मामले में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा साझीदार रहा है। भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात के मामले में भी अमेरिका प्रथम स्थान पर हैं। श्री ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर लागू किए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के उपरांत भारत का विदेश व्यापार कुछ हद्द तक विपरीत रूप से प्रभावित हुआ है। परंतु, भारत ने इस समस्या का हल निकालने की रणनीति पर तुरंत विचार करना प्रारम्भ किया एवं कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए। ताकि, विशेष रूप अमेरिका को होने वाले वस्त्र एवं परिधान, जेम्स एवं ज्वेलरी, समुद्रीय पदार्थ, खिलौना उद्योग एवं चमड़ा उद्योग जैसे श्रम आधारित उद्योगों पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को तुरंत ही रोका जा सके अथवा कम किया जा सके। अन्यथा, की स्थिति में भारत में बेरोजगारी की समस्या एक ज्वलंत समस्या के रूप खड़ी हो सकती थी। भारत ने उक्त उत्पादों के निर्यात हेतु रूस, चीन, जापान, आस्ट्रेलिया एवं यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के रूप में नए बाजार तलाशे एवं इन देशों को उक्त उत्पादों का निर्यात प्रारम्भ किया। वर्ष 2025 में भारत ने विदेशी व्यापार परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए प्रमुख वैश्विक साझेदारों के साथ मौजूदा मुक्त व्यापार समझौतों पर गहन वार्ताओं और रणनीतिक अद्यतनों को अंतिम रूप देने का प्रयास किया है। वर्ष के अंत में, भारत ने यूनाइटेड किगडम, ओमान एवं न्यूजीलैंड के साथ महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए। इसके साथ ही, अफ्रीकी देशों एवं लैटिन अमेरिकी देशों के साथ भी प्रारम्भिक वार्ताओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। इसका परिणाम यह हुआ है कि नवम्बर एवं दिसम्बर 2025 माह में भारत से विभिन्न वस्तुओं के निर्यात में वृद्धि दर को बनाए रखने में सफलता मिली है। सितम्बर एवं अक्टोबर 2025 माह में विशेष रूप से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तुओं के निर्यात पर कुछ विपरीत प्रभाव पड़ा था। 27 जनवरी 2026 को तो भारत ने यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देकर इतिहास ही बना डाला है। इस समझौते को मदर आफ ऑल डील्स की संज्ञा दी जा रही है। यह मुक्त व्यापार समझौता 18 वर्षों के उपरांत सम्भव हो सका है। अब तो कनाडा के राष्टपति भी मार्च 2026 माह में भारत आने वाले हैं एवं कुछ क्षेत्रों में मुक्त व्यापार समझौते के अंतिम रूप दिए जाने की प्रबल सम्भावना है।

भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौतों का विश्व के अन्य देशों को सकारात्मक संदेश गया है। भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न कर रहा है। इससे, समझौता करने वाले देशों के नागरिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होने की सम्भावनाएं प्रबल हो रही हैं क्योंकि इन देशों में आर्थिक प्रगति के तेज होने के चलते इन देशों में खुशहाली आने की सम्भावनाएं बन रही हैं। इस दृष्टि से विभिन्न देशों का भारत के प्रति दृष्टिकोण हाल ही के समय में बदला है एवं वे अब भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहे हैं।

भारत एक युवा देश है एवं विभिन्न उत्पादों के लिए भारत एक विशाल बाजार के रूप में विश्व के सामने उपलब्ध है। विशेष रूप से इस धरा के दक्षिणी भाग के देश तो अब भारत के वैश्विक स्तर पर इन देशों का नेतृत्व करने के लिए श्रद्धा के भाव से उम्मीद भारी नजरों से देख रहे हैं।

उक्त वर्णित परिस्थितियों के बीच भारत के सामने भी कुछ समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं। जैसे, अंतरराष्टीय बाजार में डालर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत का लगातार गिरते जाना। एक अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की क़ीमत 92 रुपए के स्तर को भी पार कर गई है एवं वर्ष 2025 में भारतीय रुपए का लगभग 5 से 6 प्रतिशत के बीच अवमूल्यन हुआ है। दरअसल, यह समस्या, विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारतीय पूंजी (शेयर) बाजार से लगातार अपने निवेश को निकालने के चलते खड़ी हुई है। इससे अमेरिकी डॉलर का भारत से बाहर जाने का सिलसिला बढ़ गया है। इस समस्या के हल हेतु भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की मात्रा को बढ़ाने का प्रयास लगातार कर रहा है। साथ ही, भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात को भी गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि भारत में अमेरिकी डॉलर के आने की मात्रा में वृद्धि हो। यदि भारत को इन प्रयासों में सफलता मिलती है तो अंतरराष्टीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव कुछ कम होगा।

---

# रंगों के पार जो बचता है वही सच है

(सुंदरचंद ठाकुर)

होली को हम रंगों, हंसी और उत्सव का पर्व मानते हैं। गलियों में उड़ता गुलाल, चेहरों पर लगी पहचान मिटाती रंगों की परतें और कुछ देर के लिए जीवन का हल्का हो जाना। लेकिन अगर थोड़ी देर ठहर कर देखा जाए तो होली केवल बाहरी उत्सव नहीं है। यह मनुष्य के भीतर छिपे एक गहरे सत्य की याद दिलाने आती है। वह सत्य जिसे वेदांत सदियों से कहता आया है कि हम वह नहीं हैं जो दुनिया हमें समझती है, बदलते रहते हैं। कभी हम खुश होते हैं, कभी दुखी, कभी उत्साहित और कभी निराश। ये सब रंगों की तरह हैं जो आते हैं और चले जाते हैं। लेकिन एक चीज हमेशा स्थिर रहती है वह है देखने वाली चेतना। वही भीतर का साक्षी जो हर अनुभव को देखता है।

होली से एक दिन पहले होलिका दहन होता है। परंपरा कहती है कि यह बुराई के जलने का प्रतीक है, लेकिन भीतर से देखें तो यह हमारे अहंकार के जलने का अवसर भी है। वह



**कोई अपने पद से पहचाना जाता है, कोई धन से, कोई सफलता से और कोई अपने संघर्षों से। हम खुद भी धीरे धीरे इन पहचानों को ही अपना वास्तविक स्वरूप मान बैठते हैं।**

हम उससे कहीं अधिक हैं। साल भर हम अपनी पहचान लेकर चलते हैं। कोई अपने पद से पहचाना जाता है, कोई धन से, कोई सफलता से और कोई अपने संघर्षों से। हम खुद भी धीरे धीरे इन पहचानों को ही अपना वास्तविक स्वरूप मान बैठते हैं। लेकिन होली का दिन आता है और एक मुट्ठी रंग सब कुछ बदल देता है। चेहरे पर रंग लगते ही न पद दिखाई देता है, न प्रतिष्ठा, न ऊंच नीच का अंतर। कुछ क्षणों के लिए सब बराबर हो जाते हैं। शायद यही संकेत है कि हमारी असली पहचान इन बाहरी परतों से परे है।

वेदांत कहता है कि जीवन में जो कुछ बदलता है वह हम नहीं हो सकते। भावनाएं बदलती हैं, परिस्थितियां बदलती हैं, शरीर बदलता है, विचार

अहंकार जो कहता है कि मैं ही सब कुछ हूं, मेरी सफलता ही मेरी पहचान है, मेरी असफलता ही मेरा दुख है। जब यह झूठा केंद्र जलता है तब जीवन हल्का होने लगता है। तभी अगले दिन रंग उत्सव बनते हैं, वरना वही रंग प्रतिस्पर्धा और तुलना में बदल जाते हैं।

जरा आकाश को देखिए। उसमें बादल आते हैं, रंग बदलते हैं, कभी धूप होती है, कभी अंधेरा। लेकिन आकाश स्वयं कभी प्रभावित नहीं होता। हमारी चेतना भी वैसी ही है। जीवन के रंग उस पर पड़ते जरूर हैं, पर उसे बदल नहीं सकते।

दुख और सुख मन के अनुभव हैं, चेतना के नहीं। जब मनुष्य यह समझने लगता है तो जीवन का भार कम होने लगता है।

---

## तेल-गैस संकट से उबारेगा?

# ‘ऐश्वर्या’ पर भरोसा, रेत से लेकर समुद्र में दबा पड़ा है भारत का ये ‘खजाना’

**अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच खाड़ी देशों से तेल और गैस की आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ा है। भारत अपने कुल तेल का करीब 90 फीसदी आयात पर निर्भर है। वहीं, गैस भी पर्याप्त रूप से खाड़ी देशों से आयात की जाती है। मगर, ऐसा नहीं है कि भारत के पास अपने तेल और गैस के भंडार नहीं हैं। भारत के पास तेल और गैस के बड़े भंडार हैं, जो बंगाल की खाड़ी में कृष्णा-गोदावरी बेसिन तो अरब सागर में मुंबई हाई हैं। इसके अलावा, राजस्थान, असम, झारखंड और पश्चिम बंगाल भी इन नेचुरल रिसोर्स के बड़े भंडार हैं। ऐसे में इन घरेलू खजाने के दम पर भारत को तेल-गैस की मुश्किलों से निपटने में कुछ तो राहत जरूर मिलेगी।**

(दिनेश मिश्र)

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच भारत समेत पूरी दुनिया की तेल और गैस की सप्लाई बाधित हो गई है। मगर, इन मुश्किलों के बीच एक नजर डालते हैं भारत के तेल और गैस के भंडारों पर, जो तेल और गैस के संकट को कुछ हद तक संभाल सकते हैं। घरेलू एनर्जी के ये सोर्स मुंबई हाई से लेकर कृष्णा गोदावरी बेसिन और असम-झारखंड तक फैले हुए हैं।

**भारत के तेल और गैस के भंडार-** अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच खाड़ी देशों से तेल और गैस की आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ा है। भारत अपने कुल तेल का करीब 90 फीसदी आयात पर निर्भर है। वहीं, गैस भी पर्याप्त रूप से खाड़ी देशों से आयात की जाती है। मगर, ऐसा नहीं है कि भारत के पास अपने तेल और गैस के भंडार नहीं हैं। भारत के पास तेल और गैस के बड़े भंडार हैं, जो बंगाल की खाड़ी में कृष्णा-गोदावरी बेसिन तो अरब सागर में मुंबई हाई हैं। इसके अलावा, राजस्थान, असम, झारखंड और पश्चिम बंगाल भी इन नेचुरल रिसोर्स के बड़े भंडार हैं। ऐसे में इन घरेलू खजाने के दम पर भारत को तेल-गैस की मुश्किलों से निपटने में कुछ तो राहत जरूर मिलेगी।

**देश में तेल-गैस का उत्पादन कहां होता है-** भारत भले ही बड़े पैमाने पर गैस की जरूरतें पूरी करने के लिए आयात पर निर्भर है, मगर घरेलू स्तर पर वह अपनी जरूरत का करीब 50 फीसदी पूरा कर लेता है। वहीं, घरेलू स्तर पर कच्चा तेल करीब 12-15



फीसदी पूरा कर पाता है। भारत की घरेलू एनर्जी की रीढ़ है-अरब सागर में स्थित मुंबई हाई फील्ड। इसे सरकारी ओएनजीसी संचालित करती है। यहां देश का तेल और गैस का उत्पादन होता है। वहीं, देश की पूर्वी तट पर बंगाल की खाड़ी में कृष्णा-गोदावरी बेसिन क्षेत्र नेचुरल गैस का न्यू फ्रंटियर बना हुआ है। कृष्णा गोदावरी बेसिन तेल-गैस का बना न्यू फ्रंटियर

महत्वपूर्ण रूप से घरेलू स्तर पर तेल और गैस का उत्पादन इस क्षेत्र में रिलायंस-बीपी एमजे और क्लस्टर फील्ड्स और ओएनजीसी के केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 ब्लाक से होता है। 2024 के आखिर में और 2025 में पूरे साल तेल उत्पादन इसी क्षेत्र से किया गया। ये इलाके वैश्विक कीमतें बढ़ने का खतरा कम करते हैं।

**बाड़मेर में मंगला-भाग्यम और ऐश्वर्या फील्ड-** जमीन पर राजस्थान में बाड़मेर क्षेत्र से गैस निकाली जाती है। खासतौर पर मंगला, भाग्यम और ऐश्वर्या (एमबीए) सबसे प्रमुख उत्पादक हैं, जिसका संचालन केयर्न ऑयल एंड गैस कंपनी करती है। मंगला, भाग्यम और ऐश्वर्या ये सभी फील्ड्स भारत के कुल घरेलू तेल उत्पादन का करीब 25 फीसदी का उत्पादन करते हैं, जो एक बड़ा नेचुरल रिसोर्स है। पूर्वोत्तर में असम के डिगबोई में दुनिया की सबसे पुरानी ऑयल रिफाइनरी है। ऊपरी अस में नहरकटिया और मोरान ऑयल और गैस का उत्पादन करते हैं। इसके अलावा, सरकार ने मिशन अन्वेषण के तहत महानदी बेसिन में भी गैस-तेल की खोज की है।

**एलएनजी और एलपीजी में क्या फर्क है-** एलएलजी और एलपीजी दोनों ही नेचुरल गैस हैं, जिनका इस्तेमाल ईंधन के रूप में होता है। दोनों के केमिकल कंपोजीशन, ट्रांसपोर्टेशन के तरीके और इस्तेमाल में अंतर है। एलएनजी मीथेन से बनी होती है। वहीं, एलपीजी प्रोपेन और ब्यूटेन का मिक्सचर होती है।

एलएनजी को माइनस 162 डिग्री सेल्सियस पर ठंडा करके लिक्विड में बदला जाता है। फिर इसे खासतौर पर बने क्रायोजेनिक टैंकर्स में ले जाया जाता है। जब यह एलएनजी टर्मिनल पर पहुंचती है तो इसे फिर से गैस में बदल दिया जाता है और इसे पाइपलाइन के जरिये वितरण किया जाता है।

**एलएनजी का कहां होता है इस्तेमाल-** एलएनजी का इस्तेमाल फर्टिलाइजर संयंत्रों, बिजली पैदा करने में और शहरी गैस नेटवर्क यानी घरों को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सप्लाई करने में होता है। साथ ही इसका इस्तेमाल वाहनों में प्रयोग किए जाने वाली कॉम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) में भी होता है।

**एलपीजी- सिलेंडर में कैसे भरी जाती है-** एलपीजी को काफी ज्यादा दबाव पर तरल करके रखा जाता है। इसे एलपीजी सिलेंडरों में भरा जाता है, ताकि आसानी से घरों तक सप्लाई हो सके। यह उन इलाकों में भी कारगर है, जहां पाइपलाइन नेटवर्क नहीं है। इसे खाना बनाने के काम में लाया जाता है।

# जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजल का है पर्याप्त स्टॉक, नागरिकों को घबराने की जरूरत नही : कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे

## गैस सिलेंडर के अवैध संग्रहण पर सख्त कार्यवाही के निर्देश






सारंगढ़ बिलाईगढ़, 16 मार्च 2026/जिले में एलपीजी गैस की नियमित उपलब्धता और सुचारू वितरण सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के सभी गैस संचालकों के साथ समीक्षा बैठक किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में 3300 घरेलू एलपीजी रिजर्व में है। इसी प्रकार पेट्रोल और डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता है इसलिए जिले के नागरिक किसी भी प्रकार के अफवाह या भ्रामक खबर पर ध्यान नहीं दे।

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कहा कि ऑयल कम्पनियों के पास इन पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और उनकी नियमित आपूर्ति जारी है। अनावश्यक रूप से एलपीजी की ऑनलाईन बुकिंग या पेट्रोल डीजल के संग्रहण जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। ऑयल कम्पनियों और जिलों मे उपलब्ध एलपीजी, पेट्रोल, डीजल के स्टॉक की दैनिक जानकारी खाद्य विभाग के मॉड्युल के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। इसके आधार पर प्रतिदिन जिले में प्राप्त स्टॉक, विक्रय मात्रा तथा शेष उपलब्धता की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार कार्यवाही की जाएगी, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे। कलेक्टर ने खाद्य विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त टीमों को एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजल के अवैध संग्रहण तथा दुरूपयोग पर प्रभावी नियंत्रण रखने के निर्देश दिए हैं। संदिग्ध स्थलों की पहचान कर नियमित जॉच एवं आवश्यकतानुसार छापेमारी की कार्यवाही करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### गैस सिलेंडर के लिए हेल्पलाइन जारी

आम उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की समस्या होने पर शिकायत दर्ज कराने की सुविधा दी गई है। इसके लिए खाद्य विभाग के कॉल सेंटर नम्बर 1800-233-3663 और 1967 के अलावा राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम नम्बर- 0771-2511975 पर सम्पर्क किया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय कॉल सेंटर में दर्ज शिकायतों का निराकरण संबंधित खाद्य नियंत्रक, खाद्य अधिकारी तथा ऑयल कम्पनियों के जिला समन्वयक द्वारा 24 घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही की गई कार्यवाही की जानकारी विभागीय डैशबोर्ड मे तत्काल दर्ज की जाएगी।

### अफवाहों से बचने कलेक्टर ने की अपील

कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा इसकी जानकारी शीघ्र विभाग को प्रेषित करने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि, वे अफवाहों से दूर रहें और आवश्यकतानुसार ही पेट्रोलियम पदार्थों का उपयोग करें, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे।

# कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने किया सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध एचपीवी टीकाकरण का शुभारम्भ






सारंगढ़ बिलाईगढ़/मूक पत्रिका

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिला चिकित्सालय सारंगढ़ के सभाकक्ष में सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान एक किशोरी बालिका का टीकाकरण किया गया, जिसे कलेक्टर ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ दीपक जायसवाल, सीएमएचओ डॉक्टर एफ आर निराला, डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, शिक्षा शर्मा सहित किशोरी बालिकाएं, नर्स आदि उपस्थित थे।

### एचपीवी वैक्सीन क्या है?

ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) का टीका एक ऐसा टीकाकरण है जो एचपीवी संक्रमण के नौ प्रकारों से सुरक्षा प्रदान करता है, जिनसे कैंसर और जननांग मस्से होने की संभावना सबसे अधिक होती है। एचपीवी वैक्सीन 9 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए है। गर्भाशय ग्रीवा, मुंह, गले, गुदा, योनि या वल्वा, लिंग के कैंसर की रक्षा करता है। एचपीवी का टीका वायरस के संपर्क में आने से पहले लगवाने पर सभी को सुरक्षा प्रदान करता है।

# कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने जिला चिकित्सालय सारंगढ़ का किया निरीक्षण

## शिशु वार्ड और सुपोषण केंद्र में कलेक्टर ने महिलाओं और बच्चों से की बात, ली इलाज की जानकारी





सारंगढ़ बिलाईगढ़/मूक पत्रिका

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिला चिकित्सालय सारंगढ़ के शिशु और ईमरजेंसी वार्ड, नर्स रूम तथा सुपोषण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटल में आये बच्चों से उनको क्या हुआ है, इलाज ठीक से हो रहा है, स्कूल की परीक्षा हुई, आदि बातचीत की। इसके साथ साथ कलेक्टर ने प्रसव के बाद महिला से उनके और नवजात शिशु के स्वस्थता की जानकारी ली। कलेक्टर ने सुपोषण केंद्र में महिलाओं से खानपान, बच्चों के सेहत और सुपोषण में सुधार आदि के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान डॉ कन्नौजे ने जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में इलाज और व्यवस्था की सराहना की। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ दीपक जायसवाल, सीएमएचओ डॉक्टर एफ आर निराला, डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, शिक्षा शर्मा आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर दुर्ग से स्वास्थ्य सुरक्षा की बड़ी शुरुआत

## सांसद विजय बघेल के करकमलों से एचपीवी वैक्सीन अभियान का शुभारंभ



दुर्ग/मूक पत्रिका

दुर्ग जिले में बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए जीवन रक्षक एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन अभियान का शुभारंभ दुर्ग सांसद विजय बघेल के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अभिजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा उन्होंने अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की सभी बालिकाओं तक यह जीवन रक्षक वैक्सीन पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव हो सके। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार महिलाओं में पाए जाने वाले प्रमुख कैंसर में सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर समस्या है और अनुमानतः प्रत्येक 6 कैंसर पीड़ित महिलाओं में से 1 महिला इस बीमारी से प्रभावित होती है। समय पर टीकाकरण से इस खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। उनके मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग ने जिले में व्यापक स्तर पर टीकाकरण की तैयारी प्रारंभ कर दी है। कलेक्टर द्वारा जिला अस्पताल दुर्ग के सिविल सर्जन डॉ. आशीष कुमार मिंज को निर्देशित किया गया कि सभी टीकाकरण स्थलों पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा सिविल सर्जन दुर्ग ने बताया कि यह टीका जिला अस्पताल में सुबह 9 बजे से 2 बजे तक लगेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के स्वास्थ्य विभाग की अध्यक्ष सु प्रिया साहू भी उपस्थित रहीं और अभियान के सफल संचालन हेतु अपना सहयोग प्रदान किया। वहीं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या वास्तव, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव ग्लैड, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सी.बी. बंजारे उपस्थित रहे। सामान्य रूप से बाजार में इस वैक्सीन की कीमत लगभग 4000 रुपये तक होती है, किंतु शासन की पहल और जिला प्रशासन के प्रयासों से इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक बालिकाओं तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में 17 मार्च से 21 अप्रैल तक आयोजित होने वाले शिशु संरक्षक माह (एसएसएम) के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि आवश्यक माइक्रोप्लान तैयार कर 6 माह से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे तक पहुंच सुनिश्चित की जाए, ताकि शिशु संरक्षक माह के अंतर्गत संचालित टीकाकरण, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों को सफल बनाया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वित प्रयासों से इस अभियान को सफल बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। जिला प्रशासन ने सभी अभिभावकों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण जनहितकारी अभियान में सक्रिय सहयोग करें तथा पात्र बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगवाकर उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य प्रदान करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# भाजपा के डबल इंजन की सरकार में आदिवासी बेटियाँ असुरक्षित- विक्रम मंडावी

## विधानसभा में गूंजा गंगालूर का मामला, कांग्रेस विधायक दल और विक्रम मंडावी ने स्थगन प्रस्ताव लाकर उठाया मामला, सरकार के जवाब से संतुष्ट कांग्रेस सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर विरोध किया

### मीडिया में झूठा, भ्रामक, निराधार और तथ्यहीन बयान देने वाले ष्ठश्वह्र और अधीक्षक पर हो कार्रवाई- विक्रम मंडावी



बीजापुर/मूक पत्रिका

बीजापुर जिले के गंगालूर पोर्टा केबिन हाई स्कूल छात्रावास में तीन छात्राओं (दो नाबालिग सहित) के गर्भवती होने का मामला प्रकाश में आने के बाद बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि गर्भावस्था 3 से 5 महीने पुरानी है ङ्क इसका मतलब है कि यह अपराध छात्रावास/स्कूल के समय में ही हुआ। यह घटना सरकारी व्यवस्था की घोर लापरवाही, निगरानी की कमी और आदिवासी बेटियों के साथ विश्वासघात का जीता-जागता प्रमाण है। लेकिन सबसे अधिक निंदनीय जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर का 15 मार्च 2026 को जारी प्रेस बयान जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी कहते हैं- 1- ÷छात्राएं अब छात्रावास में अध्ययनरत/निवासरत नहीं हैं÷।2- ÷खबर पूर्णतः भ्रामक, निराधार और तथ्यहीन है÷।3- ÷वे स्वामी आत्मानंद स्कूल में पढ़ रही हैं÷ या ÷5 महीने से अनुपस्थित हैं÷। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी और छात्रावास अधीक्षक से विधायक विक्रम मंडावी ने सवाल पूछा कि 1- छात्रावास में ÷अब नहीं हैं÷ कहकर आप 3-5 महीने पहले की इस गंभीर अपराध की जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते हैं? अनुपस्थिति के कारणों, मासिक स्वास्थ्य जांचों और निगरानी की जांच क्यों नहीं हुई?2- क्या सरकारी स्कूल/छात्रावास में पढ़ने वाली नाबालिग आदिवासी लड़कियों की सुरक्षा सिर्फ÷छात्रावास में रहती थीं या नहीं÷ पर खत्म हो जाती है? शिक्षा विभाग, अधीक्षक, शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी और जिला प्रशासन ङ्क क्या इनकी कोई जवाबदेही नहीं बची?3- ष्ठश्वह्र साहब, आप ÷भ्रामक÷ कहकर मीडिया और जनता को गुमराह क्यों कर रहे हैं? क्या यह दोषियों को बचाने का प्रयास है, या फिर सरकार की लापरवाही को छिपाने का? विधायक विक्रम मंडावी ने अपने प्रेस बयान में आगे कहा कि प्रदेश में भाजपा के डबल इंजन की सरकार बनने के बाद बीजापुर जिले के पोर्टा केबिन, आश्रम शालाओं और छात्रावासों में आदिवासी छात्र-छात्राओं की मौतें, शोषण और अब गर्भवती होने जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार में आदिवासी बच्चियाँ सुरक्षित नहीं हैं ङ्क न स्कूलों में, न छात्रावासों में, न सड़कों पर। माता-पिता अपने बच्चों को सरकारी संस्थानों के भरोसे भेजते हैं, लेकिन बदले में मिल रहा है तो सिर्फ अपमान , शोषण और विश्वासघात फिर भी प्रशासन की प्राथमिकता में जांच नहीं करवाकर खबर को दबाने और दोषियों को बचाने की हो रही है। इसके साथ ही विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार से 1- जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर लखन लाल धनेलिया और छात्रावास अधीक्षक पर लापरवाही के लिए अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करते हुए उन्हें तुरंत पद से हटाया जाने 2- उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच समिति गठित करने जिसमेंङ्क पुलिस, महिला आयोग, स्वास्थ्य विभाग, विधायक/विपक्ष प्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों को शामिल करें।3- जो भी दोषी अधिकारी और कर्मचारी हैं उन पर स्नढ्ढक्र दर्ज करने। 4- सभी पोर्टा केबिन/छात्रावासों में ष्टष्टञ्जङ्क, मासिक मेडिकल चेकअप, काउंसलिंग और 24म7 सुरक्षा व्यवस्था लागू करने और 5- पीड़ित छात्राओं को पूर्ण चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक सहायता और कानूनी मदद दिये जाने आदि की माग की है। ÷वही सोमवार को विधानसभा में बीजापुर के कांग्रेस विधायक दल एवं विक्रम मंडावी ने गंगालूर की घटना को लेकर सदन में स्थगन प्रस्ताव लाकर मामले को उठाया इसके बाद सरकार के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर विरोध किया गया है।÷

विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि यदि ये मांगें पूरी नहीं हुईं, तो कांग्रेस पार्टी बीजापुर में न्याय की मांग को लेकर जनसहयोग से पीड़ितों को न्याय मिलने तक उग्र आंदोलन करेगी।

## स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा, छात्र स्टार्टअप एवं नवाचार नीति के लिए 5 करोड़ का प्रावधान

# कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग का वर्ष 2026-27 का बजट पारित

- नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तकनीकी शिक्षा का विस्तार, जगरगुंडा और ओरछा में नए आईटीआई
- 145 शासकीय आईटीआई में आधुनिक मशीन और उपकरणों के लिए 25 करोड़ रुपये
- 35 आईटीआई में भवन निर्माण और मरम्मत कार्यों के लिए 25 करोड़ का प्रावधान
- लाईवलीहुड कॉलेज योजना के लिए 33 करोड़, युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण
- नवा रायपुर में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय स्तर का लाईवलीहुड सेंटर ऑफएक्सीलेंसी, छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण को 38 करोड़ का बजट



रायपुर/मूक पत्रिका

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र फरवरी-मार्च 2026 में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी ने विभागीय बजट प्रस्तुत किया। मंत्री गुरु साहेब जी ने कहा कि राज्य के आर्थिक विकास के लिए कृषि, उद्योग, शिक्षा, सेवाएं और प्रौद्योगिकी प्रमुख क्षेत्र हैं। इन क्षेत्रों के विकास के लिए कुशल इंजीनियरों और तकनीकी कौशल से युक्त मानव संसाधन का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। राज्य सरकार तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के समुचित विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**तकनीकी शिक्षा के विस्तार और अधोसंरचना विकास पर जोर**-मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी ने बताया कि प्रदेश के 33 जिलों में वर्तमान में 4 छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, 2 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, 1 सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रायपुर, 1 विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग (छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई) तथा 20 निजी इंजीनियरिंग महाविद्यालय संचालित हैं। वहीं पॉलीटेक्निक क्षेत्र में 3 सीजीआईटी (पॉलीटेक्निक), 35 शासकीय पॉलीटेक्निक, 1 विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग तथा 14 निजी पॉलीटेक्निक संस्थान संचालित हैं। इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में 11 हजार 528 तथा पॉलीटेक्निक संस्थानों में 8,408 सीटें उपलब्ध हैं। तकनीकी शिक्षा विभाग का बजट वर्ष 2018 में 265.49 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर वर्ष 2026-27 में 372.35 करोड़ रुपये हो गया है। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी ने बताया कि राज्य में विश्वस्तरीय तकनीकी मानव संसाधन तैयार करने के उद्देश्य से रायगढ़, जगदलपुर, कबीरधाम, जशपुर, रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की स्थापना के लिए 12.02 करोड़ रुपये तथा मशीन और उपकरणों की खरीद के लिए 98 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि सीजीआईटी रायगढ़ में अतिरिक्त कक्ष निर्माण और ऑडिटोरियम जीर्णोद्धार के लिए 2.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नया रायपुर स्थित अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के लिए स्थापना अनुदान के रूप में 15 करोड़ रुपये तथा 18 नए पदों के सृजन के लिए 50 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। गुर साहेब जी ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के अधोसंरचना विकास हेतु 41.90 करोड़ रुपये की परियोजना में से वर्ष 2026-27 में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इसके अतिरिक्त मशीन एवं उपकरण क्रय के लिए 10 करोड़ रुपये तथा स्थापना अनुदान के लिए 20 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। शासकीय पॉलीटेक्निक संस्थान रायपुर (कन्या), दुर्ग, रायगढ़ और धमतरी में मशीन एवं उपकरणों की खरीद के लिए 2 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक रायपुर में 150 सीटर छात्रावास और वाहन स्टैंड निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**विद्यार्थियों के लिए योजनाएं और नवाचार**-मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को 4 लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण पर ब्याज में राहत प्रदान की जाएगी। इसके लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। छात्र स्टार्टअप और नवाचार नीति के क्रियान्वयन के लिए 5 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिससे छात्रों को स्टार्टअप और नवाचार गतिविधियों में सहायता मिलेगी। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर के स्थापना अनुदान एवं परीक्षा प्रतिपूर्ति के लिए 30 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**आईटीआई प्रशिक्षण और रोजगार अवसरों का विस्तार**-राज्य में वर्तमान में 201 शासकीय तथा 113 निजी आईटीआई संचालित हैं, जिनमें लगभग 61 हजार प्रशिक्षण सीटें उपलब्ध हैं। वर्ष 2025-26 में आईटीआई में प्रवेश के लिए लगभग 76 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिससे युवाओं में व्यावसायिक प्रशिक्षण के प्रति बढ़ती रुचि स्पष्ट होती है। नक्सल प्रभावित ओरछा विकासखंड में नवीन आईटीआई की स्थापना की गई है, जिससे अब राज्य के सभी विकासखंडों में आईटीआई संचालित हो रहे हैं।

आईटीआई में मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल, सोलर टेक्नीशियन तथा ड्रोन टेक्नीशियन जैसे आधुनिक और रोजगारोन्मुख कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। जगरगुंडा (सुकमा) और ओरछा (नारायणपुर) में एजुकेशन सिटी के अंतर्गत नवीन आईटीआई स्थापना, पद सृजन, छात्रावास एवं भवन निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा 145 शासकीय आईटीआई में मशीन, औजार और उपकरणों की व्यवस्था के लिए 25 करोड़ रुपये तथा 35 आईटीआई में भवन निर्माण एवं विशेष मरम्मत कार्यों के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री श्री गुरु साहेब जी ने बताया कि प्रदेश के 33 जिलों में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र संचालित हैं। वर्ष 2025-26 में 372 प्लेसमेंट कैम्प आयोजित कर 9 हजार 756 युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। वर्ष 2026-27 में रोजगार मेलों के आयोजन के लिए 3 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**कौशल विकास को मिलेगा नया प्रोत्साहन**-छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के लिए वर्ष 2026-27 में 38 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत अब तक 4 लाख 91 हजार 543 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें से 2 लाख 72 हजार 754 युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। वर्तमान में 366 संस्थाएं कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रही हैं, जिनमें 212 लघु अवधि के कोर्स संचालित हैं। युवाओं को आधुनिक क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण देने के लिए महिंद्रा एंड महिंद्रा, साइरोनिक्स टेक्नोलॉजी, नांदी फाउंडेशन, द लॉन्ड्री बैग तथा श्री सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ अनुबंध किए गए हैं। राज्य परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी के लिए वर्ष 2026-27 में 33 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। योजना के तहत अब तक 67 हजार 118 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। नवा रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कौशल प्रशिक्षण संस्थान के रूप में लाईवलीहुड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी, जिसके लिए भूमि लीज अनुबंध हेतु 2 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री श्री गुरु साहेब जी ने कहा कि राज्य सरकार तकनीकी शिक्षा,कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक सुधार एवं विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। इन योजनाओं और बजट प्रावधानों से प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक कौशल प्रशिक्षण और बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में एआई आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की स्थापना

**बिलासपुर।** रेल परिचालन को और अधिक संरक्षित, कुशल एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा निरंतर आधुनिक तकनीकों को अपनाया जा रहा है। इसी क्रम में भिलाई स्थित पी.पी. यार्ड में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की सफलतापूर्वक स्थापना एवं कमीशनिंग की गई है। इस अत्याधुनिक प्रणाली का उद्देश्य यार्ड परीक्षण के लिए आने वाली मालगाड़ियों के वैगनों में होने वाली भौतिक क्षतियों की शीघ्र एवं सटीक पहचान करना है, जिससे मरम्मत कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके तथा रेल संरक्षा को सुदृढ़ किया जा सके। यह एआई आधारित प्रणाली मशीन लर्निंग एल्गोरिदम के माध्यम से वैगनों में होने वाली विभिन्न प्रकार की भौतिक क्षतियों की पहचान करती है। इसके अंतर्गत वैगनों में डोर की कमी, क्षतिग्रस्त दरवाजे, अवशिष्ट माल (रेजिडुअल कंसाइनमेंट), फ्लोर की शीट का अभाव, बॉडी पैनल की कमी आदि जैसे दोषों का स्वतः पता लगाया जा सकता है। किसी भी रेक के यार्ड में प्रवेश करने और सिस्टम से गुजरने के पश्चात यह प्रणाली स्वचालित रूप से प्रत्येक वैगन नंबर के साथ चिन्हित दोषों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर देती है। इस प्रणाली में उच्च गुणवत्ता वाले हाई-डेफिनिशन मशीन विज़न कैमरों (06 इकाइयाँ), विशेष प्रकाश स्रोत तथा एक समर्पित सर्वर रूम की व्यवस्था की गई है। कैमरों द्वारा प्राप्त चित्रों एवं संकेतों को सर्वर पर प्रोसेस कर विश्लेषण किया जाता है, जिसके आधार पर प्रत्येक वैगन की स्थिति का विस्तृत एवं सटीक रिपोर्ट तैयार किया जाता है। एआई आधारित यह प्रणाली यार्ड





में पारंपरिक निरीक्षण प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व ही वैगनों में संभावित क्षतियों का समग्र अवलोकन उपलब्ध कराती है। इससे यार्ड परीक्षण के दौरान दोषों की पहचान, मरम्मत की योजना बनाने तथा आवश्यक सुधार कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने में सहायता मिलती है। यह प्रणाली स्व-अध्ययन (सेल्फ-लर्निंग) एआई तकनीक पर आधारित है, जिसके कारण समय के साथ इसकी कार्यक्षमता और सटीकता में निरंतर वृद्धि होती रहती है तथा सिस्टम द्वारा संकलित डाटा का विश्लेषण कर यह स्वयं को और अधिक सक्षम बनाता है। श्री तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कुशल निर्देशन एवं निरंतर प्रोत्साहन से जोन में आधुनिक एवं उन्नत तकनीकों को अपनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में रेल संरक्षा, परिचालन दक्षता तथा परिसंपत्तियों के रखरखाव को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न नवाचारों को लागू किया जा रहा है। एआई आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की स्थापना भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे मालगाड़ियों के वैगनों में होने वाली क्षतियों की पहचान अधिक तेजी और सटीकता के साथ की जा सकेगी तथा यार्ड निरीक्षण और मरम्मत कार्य को और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाया जा सकेगा। इससे न केवल रेल संरक्षा सुदृढ़ होगी बल्कि माल परिवहन की दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### माता कर्मा की जयंती उत्साह और धूमधाम से मनाई गई



लखनपुर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में साहू समाज के द्वारा 15 मार्च दिन रविवार को माता कर्मा जयंती उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया।समाज के लोग लखनपुर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित माता कर्मा चौक पहुंचे जहां आराध्य देवी माता कर्मा के प्रतिमा पर माल्याअर्पण करते हुए विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस दौरान समाज प्रमुख ने एक सूत्र में समाज को पिरोने का संदेश दिया गया। समापन के अवसर पर भक्तजनों को प्रसाद का वितरण किया गया। माता कर्मा जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर सुभाष चंद्र गुप्ता, कृपा शंकर गुप्ता, राकेश साहू, दिनेश साहू,बसंत गुप्ता,कपूर चंद गुप्ता ,मदन प्रसाद गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अवधेश गुप्ता मनोज गुप्ता, निशांत गुप्ता, संजय गुप्ता, सहित सैकड़ो की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पेंड्रा रोड स्टेशन का आधुनिकीकरण – मुख्य प्रवेश द्वार अस्थायी रूप से बंद, यात्रियों के लिए वैकल्पिक प्रवेश व्यवस्था उपलब्ध

**बिलासपुर।** भारतीय रेल द्वारा यात्रियों को आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य तेज़ी से प्रगति पर हैं। इसी क्रम में स्टेशन को और अधिक आकर्षक एवं सुविधाजनक बनाने के लिए स्टेशन भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर भव्य पोर्च के निर्माण का कार्य किया जाना है। निर्माण कार्य को सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार दिनांक 15 मार्च 2026 से 31 मई 2026 तक अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा। इस अवधि के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशन भवन के बिलासपुर छोर की ओर वैकल्पिक प्रवेश एवं निकास द्वार की व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रियों को स्टेशन आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। रेल प्रशासन यात्रियों से आग्रह करता है कि वे इस अवधि में निर्धारित वैकल्पिक प्रवेश/निकास द्वार का उपयोग करें तथा चल रहे विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करें। पुनर्विकास कार्य पूर्ण होने के बाद पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन यात्रियों को अधिक आधुनिक, आकर्षक एवं सुविधाजनक सुविधाएँ प्रदान करेगा।

### नवरात्रि मेले के अवसर पर दुर्ग नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन में ठहराव की सुविधा

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा नवरात्रि मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18201/18202 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस का 05 मिनट का अस्थायी ठहराव पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मण्डल के मैहर स्टेशन में दिनाँक 18 से 29 मार्च 2026 तक के लिए दिया जा रहा है । विवरण इस प्रकार है :- दिनांक 18 से 28 मार्च 2026 तक दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस मैहर स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी । यह गाड़ी मैहर स्टेशन 05.35 बजे पहुंचेगी तथा 05.40 बजे रवाना होगी दिनांक 20 से 29 मार्च 2026 तक नौतनवा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस मैहर स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी । यह गाड़ी मैहर स्टेशन 01.55 बजे पहुंचेगी तथा 02.00 बजे रवाना होगी

### वेदांता स्किल स्कूल बदल रहा है महिलाओं के साथ देश का भविष्य....

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। पहले जहां कई युवा महिलाओं के पास रोजगार के सीमित अवसर थे, वहीं अब वे फैक्ट्रियों, तकनीकी कार्यों, हॉस्पिटैलिटी सेवाओं और उभरते तकनीकी क्षेत्रों में काम कर रही हैं। इस बदलाव में बालको का वेदांता स्किल स्कूल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यहां महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण और उद्योग से जुड़ा अनुभव दिया जाता है।

# आत्मानंद विद्यालय में एकदिवसीय छात्रों के लिए कार्यक्रम रखा गया

**अंबिकापुर।** विज्ञान जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वामीआत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, अंबिकापुर में महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय (दिवा-रात्रि) Sky Watching and Stargazing कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 14-03-2026 को संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को एक पेशेवर दूरबीन(टेलीस्कोप) का उपयोग करने का अवसर प्रदान करना और खगोलिकी के क्षेत्र में विशेषज्ञों का मार्गदर्शन प्राप्त करना था। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में छत्तीसगढ़ विज्ञान संघ के अध्यक्ष श्री विश्वास मेश्राम एवं उनके सहयोगियों द्वारा विज्ञान गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्पण कर कार्यक्रम की



औपचारिक शुरुआत की गई। अतिथियों का पुष्प-पौधा और मोमेंटो से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन वक्तव्य में श्री विश्वास मेश्राम ने उपस्थित विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति विकसित की जा सकने वाली अभिरुचियों से परिचित कराया। मुख्यअतिथि के तौर पर सी ई ओ जिला पंचायत श्री विनय अग्रवाल ने विज्ञान विषय में हुए खोजों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो रिजवान उल्ला ने छत्तीसगढ़ विज्ञान संघ के माध्यम से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति विकसित की जा सकने वाली अभिरुचियों को भी रेखांकित किया। चाय ब्रेक के बाद हुए तकनीकी सत्र में विद्यार्थियों को टेलीस्कोप के संबंध में सूक्ष्मतम जानकारी दी गई। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों को बारी-बारी से टेलीस्कोप के माध्यम से ग्रहों-उपग्रहों को दिखाया गया।

# सड़क दुर्घटना में घायल को मिला पीएम-राहत योजना का लाभ मिल रही त्वरित उपचार सुविधा

**बलरामपुर।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा एवं पुलिस अधीक्षक श्री वैभव बैंकर के मार्गदर्शन में जिले में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम-राहत (पीएम-राहत रोड एक्ससीडेंट विक्टिम होस्पिटलिजेसन एन्ड एसुरेड ट्रीटमेंट योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पी एम राहत के अन्तर्गत जिले में प्रथम प्रकरण का पंजीयन एवं उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 मार्च 2026 को जिला चिकित्सालय में सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक का पीएम-राहत योजना के तहत उपचार किया गया। जिसके अंतर्गत जिले के ग्राम पिपराही निवासी श्री हेमंत मिंज, पिता श्री राजेश मिंज, उम्र 26 वर्ष अपने दोपहिया वाहन से गणेशमोड़ की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान अज्ञात दोपहिया वाहन से उनकी टक्कर हो गई, जिससे उन्हें सिर में चोट आई। दुर्घटना के बाद घायल युवक को तत्काल जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां उन्हें पीएम-राहत योजना के अंतर्गत पंजीबद्ध कर उपचार प्रारंभ किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार सिंह तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. शशांक गुप्ता ने अस्पताल पहुंचकर घायल मरीज से मुलाकात की तथा उनका हालचाल



जाना। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देशित करते हुए मरीज का उपचार पीएम-राहत योजना के प्रावधानों के तहत प्राथमिकता के साथ करने को कहा और सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की पीएम-राहत योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने के पश्चात अधिकतम 7 दिनों तक या 1 लाख 50 हजार रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इस योजना का उद्देश्य दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना और उनके उपचार में आने वाली आर्थिक कठिनाइयों को कम करना है।

# गैस ऑफिस में घुसकर डिलीवरी बॉय से मारपीट,युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** सड़क पर हुई मामूली कहासुनी के बाद चक्रधरनगर थाना क्षेत्र स्थित गैस ऑफिस में घुसकर डिलीवरी बॉय से मारपीट करने वाले युवक पर चकधरनगर पुलिस ने गैर जमानती धाराओं में कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजा अग्रवाल ने 12 मार्च 2026 को थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 11 मार्च 2026 की सुबह करीब 10:30 बजे अपने ऑटो से प्रियदर्शनी एचपी गैस ऑफिस, दुर्गा मंदिर के सामने बोईरदादर रोड* में गैस की होम डिलीवरी करने जा रहा था। इसी दौरान सुभाष चौक के पास एक मोटरसाइकिल चालक से साइड देने की बात को लेकर उसकी मामूली बहस हो गई। इसके बाद राजा अपने काम के लिए गैस ऑफिस पहुंच गया। रिपोर्ट के अनुसार मोटरसाइकिल चालक उसका पीछा करते हुए गैस ऑफिस तक पहुंच गया और अंदर घुसकर अश्लील गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगा। गैस आफिस के कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। मारपीट करने वाले युवक से नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम रिहान खान निवासी जिला पंचायत के पीछे छोटे अतरमुड़ा थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़ बताया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में *अपराध क्रमांक 96/2026 धारा 296, 115(2), 333 बीएनएस* के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने प्रार्थी का चिकित्सकीय परीक्षण कराया तथा आरोपी की तलाश कर उसे उसके घर से हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने प्रियदर्शनी एचपी गैस ऑफिस के अंदर घुसकर मारपीट करने की बात स्वीकार की।

# एसईसीएल में कोल इंडिया अंतर-कंपनी शतरंज प्रतियोगिता 2025-26 का सफल समापन हुआ..

**बिलासपुर।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की मेजबानी में आयोजित कोल इंडिया अंतर-कंपनी शतरंज प्रतियोगिता 2025-26 का समापन समारोह दिनांक 14 मार्च 2026 को एसईसीएल वसंत विहार टाउनशिप स्थित वसंत क्लब में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसईसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री एन. फ्रैंकलिन जयकुमार उपस्थित रहे। समापन समारोह में एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) श्री बिरंची दास, निदेशक (वित्त) श्री डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री हिमांशु जैन तथा निदेशक (तकनीकी योजना/ परियोजना) श्री रमेश चंद्र महापात्र, विभिन्न श्रमसंघ प्रतिनिधिगण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री एन फ्रैंकलिन जयकुमार ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ केवल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं होतीं, बल्कि विभिन्न अनुषंगी कंपनियों के कर्मचारियों के बीच आपसी सौहार्द, टीम भावना और सहयोग की




भावना को भी सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साह, खेल भावना और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण सहभागिता, सीखने की भावना और निष्पक्ष खेल की भावना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब जीता। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वितीय स्थान पर रही, जबकि महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में कोल इंडिया की सभी आठ अनुषंगी कंपनियों के साथ-साथ सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उच्च स्तर के खेल कौशल, एकाग्रता और रणनीतिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# निगम की एक और जनकल्याणकारी पहल

**कोरबा ।** नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित परिसर में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने मेयर की पाती का शुभारंभ कराया। निगम द्वारा आमजनता को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न मूलभूत सुविधाओं में प्रमुख पानी, बिजली व साफ-सफाई आदि से जुड़ी समस्याओं पर आमजन द्वारा प्रस्तुत आवेदनों पर कार्यवाही व समस्याओं का समाधान अब 24 घंटे के अंदर निगम द्वारा अनिवार्य रूप से किया जायेगा और यदि किसी कारणवश निर्धारित समय पर निराकरण नहीं हो सका तो, उसका ठोस कारण भी प्रभारी अधिकारी बतायेगे, और यह सब संभव होगा निगम की एक और जनकल्याणकारी पहल '' मेयर की पाती '' से। यह पाती लेटर बाक्स से निकलकर सीधे प्रभारी अधिकारी को जायेगी तथा संबंधित समस्या का समाधान करायेगी। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के द्वारा कोरबा के विकास, नागरिक सुविधाओं की बेहतरी, शहर के सौदर्यीकरण, व्यवस्थाओं में सुधार तथा आमजनता के हित में उठाये जा रहे कदमों की महत्वपूर्ण अगली कड़ी के रूप में मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का 24 घंटे के अंदर समाधान किये जाने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उनके द्वारा '' मेयर की पाती '' की व्यवस्था शीघ्र ही की जाएगी। , जिसके तहत पानी, बिजली व साफ-सफाई से जुड़ी समस्याओं के संबंध में प्राप्त आवेदनों का निराकरण व समस्याओं का समाधान 24 घंटे के अंदर अनिवार्य रूप से संबंधित प्रभारी अधिकारी द्वारा किया जायेगा। यह व्यवस्था संचालित होने के पश्चात इन महत्वपूर्ण मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का समयसीमा में त्वरित समाधान लोगों को प्राप्त होगा। साकेत में लगा नीले, पीले, हरे लेटर बाक्स - '' मेयर की पाती '' व्यवस्था के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत के प्रवेशद्वार पर नीले, पीले व हरे तीन रंगों के लेटर बाक्स स्थापित किया गया। जिसमें नीले रंग के लेटर बाक्स में पेयजल से जुड़ी समस्याओं, पीले रंग के बाक्स में स्ट्रीट लाईट विद्युत से जुड़ी समस्याओं तथा हरे रंग के लेटर बाक्स में साफ-सफाई से जुड़ी समस्याओं के आवेदन पत्र आमनागरिकों द्वारा डाले जा सकते हैं।

## ।। नाम परिवर्तन ।।

मैं महेन्द्र कुमार पटेल पिता नारद राम पटेल आयु 37 वर्ष, जाति लोधी, निवासी ग्राम कातलबोड़ वार्ड नं. 11 महावीर पारा, पोस्ट देवरबीजा, तहसील थानखमरिया जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि

1/ शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-यह कि मेरा नाम पता उपर दर्शित अनुसार है ।

2/ यह कि, मेरे पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड क्रं. 5295 5663 4302 में अविका वर्मा (AVIKA VERMA) पिता महेंद्र कुमार पटेल त्रुटिवश दर्ज है, जबकि उसके जन्म प्रमाण पत्र, शासकीय/अर्द्धशासकीय/अशासकीय व अन्य सम्बंधित दस्तावेजों में उसका नाम अविका पटेल (AVIKA PATEL) पिता महेन्द्र कुमार पटेल दर्ज है जो उसका सही वास्तविक नाम है । मैं अब उसका नाम अविका पटेल (AVIKA PATEL) पिता महेन्द्र कुमार पटेल रखना चाहता हूँ, जिसके चलते उसके आधार कार्ड शासकीय / अर्द्धशासकीय/अशासकीय व अन्य समस्त दस्तवेजों में जहां कही भी उसका नाम अविका वर्मा (AVIKA VERMA) पिता महेंद्र कुमार पटेल दर्ज है के स्थान पर संशोधन कर- अविका पटेल (AVIKA PATEL) पिता महेन्द्र कुमार पटेल रखना चाहता हूं एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूं।

3/ यह कि उक्त कथन के समर्थन में यह शपथ-पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है ।

**शपथकर्ता**
**महेन्द्र कुमार पटेल**

## ।। नाम परिवर्तन ।।

मैं हेमलता तिवारी पति विवेक तिवारी पिता राजकुमार साहू आयु 36 वर्ष, निवासी ग्राम धनगांव, पो. अंधियारखोर, तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं :-

1/ यह कि, मैं उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूं।

2/ यह कि, मेरे नाम से जारी सम्पूर्ण दस्तावेजों में मेरा नाम हेमलता साह (HEMLATA SAHU) दर्ज है, जबकि विवाह के पश्चात् मैंने अपने समस्त शासकीय / अर्द्धशासकीय / अशासकीय एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों में अपना नाम हेमलता तिवारी (HEMLATA TIWARI) पति विवेक तिवारी दर्ज कराना चाहती हूं, और इसी नाम से जानी व पहचानी जाना चाहती हूं तथा नाम में एकरूपता लाने हेतु अब मैं अपना नाम हेमलता तिवारी (HEMLATA TIWARI) पति विवेक तिवारी रखना चाहता हूं, जिसके चलते मेरे समस्त शासकीय / अर्द्धशासकीय/अशासकीय दस्तावेज एवं आधार कार्ड, परिचय पत्र तथा अन्य समस्त दस्तावेजों में जहाँ भी मेरा नाम हेमलता साह (HEMLATA SAHU) दर्ज के स्थान पर संशोधन कर- हेमलता तिवारी (HEMLATA TIWARI) पति विवेक तिवारी दर्ज कराना चाहता हूं एवं उक्त नाम परिवर्तन की 7 सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता है।

3/ यह कि, उक्त कथन के समर्थन में यह शपथ-पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**हेमलता तिवारी**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

sdorsaja@gmail.com

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक युवराज सिंह पिता टुवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पदुमसरा तहसील थानखम्हरिया जिला जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम पदुमसरा प.ह.नं. 17 तहसील थानखम्हरिया स्थित भूमि ख.नं. 514/2 रकबा 0.07 हेक्ट. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये हैं।

अत: इस संबंध मे जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 18/03/2026 तक स्वत: अद्योहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय मे शाम 5.00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद मे प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज 11/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**साजा**
**जिला-बेमेतरा ( छ.ग**

## न्यायालय नायब तहसीलदार बेमेतरा, तहसील व जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

**क्र / 327 प्र./ना. तह / 2025**
**रा.प्र.क्र. अ-62 वर्ष 25-26**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नाबालिक लेओन पिता आनंद मलिक निवासी ग्राम गुडगांव हरियाणा हालमुकाम मुगेली तहसील व जिला बेमेतरा के समक्ष ग्राम मुगेली प.ह.नं. 12 स्थित स्वामित्व की भूमि ख.नं. 174, 156, 120,103/2, 103, 175, 173, 161 155, 140, 110, 101, रकबा 0.6400, 0.6700, 0.4400, 0.1700, 0.1700, 0.1200, 0.2000, 0.2200, 0.9100, 0.2300, 0.6000, 0.4800 हे. में स्थित कुल 2000 नग सागौन के वृक्षों को घर के निजी काम के वजह से काटे जाने की अनुगति बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन बाबत् न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी को दावा/आपत्ति हो तो वे नियत पेरी तारीख 18/03/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपनी दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 10/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित ईश्तहार जारी ।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**बेमेतरा**

पहले टी-20 में 92 रन का टारगेट मिला था, डेब्यू कर रहे मोकोएना को 3 विकेट

# साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया

**माउंगानुई ।** साउथ अफ्रीका ने पहले टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हरा दिया। इसके साथ प्रोटियाज टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में मिली हार का बदला भी ले लिया। 15 मार्च को माउंट माउंगानुई के बे ओवल मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन यह निर्णय टीम के लिए सही साबित नहीं हुआ। कीवी टीम 14.3 ओवर में सिर्फ 91 रन पर ऑलआउट हो गई। इंटरनेशनल टी-20 में यह न्यूजीलैंड का 10वां सबसे छोटा स्कोर है। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 16.4 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया और सीरीज में 1-0 बढ़त हासिल कर ली। सीरीज का दूसरा मुकाबला 17 मार्च को हैमिल्टन में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड की बैटिंग फेल

इस मुकाबले में न्यूजीलैंड के लिए जेम्स नीशम ने सबसे ज्यादा 21 गेंदों पर 26 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान मिचेल सैंटनर ने 19 गेंदों पर 15 रन, कोल मैकॉन्ची ने 11 गेंदों पर 15 रन और बेवॉन जैकब्स ने 7 गेंदों पर 10 रन की पारी खेली। हालांकि टीम के सात बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी साझेदारी 7वें विकेट के लिए हुई, जब नीशम और मैकॉन्ची ने 17 गेंदों में 26 रन जोड़े।



### 20 गेंद रहते टारगेट चेज किया

92 रन का टारगेट साउथ अफ्रीका ने 16.4 ओवर में हासिल कर लिया। कॉनर एस्टरहुइजन ने साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। वह नाबाद रहे। डियान फॉरेस्टर 16 रन बनाकर नॉट आउट रहे। न्यूजीलैंड के लिए 1-1 विकेट काइल जैमीसन, जकारी फाउल्केस और मिचेल सैंटनर ने लिए।

### डेब्यूटेंट मोकोएना ने 3 विकेट लिए

साउथ अफ्रीका के लिए डेब्यू कर रहे नकोबानी मोकोएना ने 3.3 ओवर में 26 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। वहीं जेराल्ड कूट्जी और ओटनील बार्टमैन ने 3-3 ओवर में 2-2 विकेट झटके। स्पिनर केशव महाराज ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। इसके अलावा डियान फॉरेस्टर ने 1 ओवर में सिर्फ 4 रन दिए, हालांकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।



## बीसीसीआई ने फिक्सिंग में फंसे वीडियो एनालिस्ट राजा पर लगाया आजीवन प्रतिबंध

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रणजी ट्रॉफी मैच में फिक्सिंग को देखते हुए वीडियो एनालिस्ट राजा रेड्डी पर प्रतिबंध लगा दिया है। बोर्ड ने इस एनालिस्ट को भ्रष्ट तरीके अपनाने के लिए आजीवन प्रतिबंधित कर दिया है। प्राप्त जानकार के अनुसार बीसीसीआई की एक समिति ने बोर्ड की एंटी-करप्शन विंग की जांच के बाद वीडियो एनालिस्ट राजा पर ये प्रतिबंध लगाया है। ये मामला फरवरी, 2024 की है उस समय इंदौर में आंध्र और मध्य प्रदेश के बीच हुए रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मैच में राजा रेड्डी ने आंध्र के खिलाड़ी गिरिनाथ रेड्डी से फिक्सिंग के लिए संपर्क किया था। राजा उस क्वार्टर फाइनल मैच में बीसीसीआई के एनालिस्ट थे। वह पीएमओव से मान्यता प्राप्त थे और उन्हें थर्ड अंपायर और मैच रेफरी के लिए तय कमरे में बैठने की अनुमति थी। आंध्र टीम मैनेजर की शिकायत के बाद एसीयू अधिकारी ने इस मामले में कदम उठाये। आंध्र टीम के खिलाड़ी गिरिनाथ ने एसीयू को दिए बयान में बताया कि मैच से एक दिन पहले राजा ने उनसे अंतिम ग्यारह की जानकारी मांगी और दो ओवर में पांच रन देने के बदले 5 लाख रुपये का प्रस्ताव रखा। इस दौरान व्हाट्सएप कॉल और चैट हिस्ट्री से पता चला कि राजा ने बार-बार गिरिनाथ से संपर्क करने का प्रयास किया पर गिरिनाथ ने साफ मना कर दिया और कहा कि वह यह घटना अपने टीम मैनेजर को बताएंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### नई दिल्लीः प्रतिष्ठित नमन अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन करेगा

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आज नई दिल्ली में प्रतिष्ठित नमन अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन करेगा। इस समारोह में, क्रिकेट के दिग्गज रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को कर्नल सी. के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा, जो भारतीय क्रिकेट में असाधारण सेवा के लिए बीसीसीआई द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। वही, भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को महिला क्रिकेट में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए बीसीसीआई लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। नमन अवॉर्ड्स में वर्ष 2024-25 क्रिकेट सीज़न में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### इंग्लैंड से हार के बावजूद भारत ने एफ.आई.एच. महिला हॉकी विश?व कप के लिए क?वालीफाई किया

**हैदराबाद।** हैदराबाद में कल खेले गए एफआईएच महिला हॉकी विश्व क्वालीफायर के फाइनल मुकाबले में भारत को इंग्लैंड से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि इस हार के बावजूद भारत ने इस साल होने वाले महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस टूर्नामेंट से चैंपियन इंग्लैंड, उपविजेता भारत, साथ ही साथ स्कॉटलैंड ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है। महिला हॉकी विश्व कप का आयोजन इस साल 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड्स और बेल्जियम में पुरुष टूर्नामेंट के साथ संयुक्त रूप से किया जाएगा।

### रहाणे की कप्तानी में ही इस बार भी उतरेगी केकेआर

**मुम्बई ।** इस माह के अंत में शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लिए कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) अपने कप्तान को नहीं बदलेगी। पिछली बार आजिंक्य रहाणे की कप्तानी में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। टीम ने साल 2024 में खिताब जीता था पर पिछले साल 2025 में वह असफल रही। ऐसे में माना जा रहा था कि केकेआर इस बार कप्तान बदल सकती है क्योंकि रहाणे टीम को जीत नहीं दिला पाये थे। वहीं ताजा रिपोर्ट के अनुसार फ्रेंचाइजी ने एक बार फिर रहाणे के अनुभव पर अपना भरोसा बरकरार रखा है। पिछले सत्र में टीम 13 में से केवल 5 मैचों में जीत मिली थी पर प्रबंधन का मानना है कि टीम के मौजूदा संतुलन को देखते हुए रहाणे ही नेतृत्व के लिए सबसे बेहतर रहेंगे।



## इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में अल्काराज हारे

### मेदवेदेव ने 6-3, 7-6 से हराया

कैलिफोर्निया में चल रहे इंडियन वेल्स ओपन में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज को मेन्स सिंगल्स के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। रूस के डेनियल मेदवेदेव ने अल्काराज को सीधे सेटों में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। अल्काराज ने साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलिया ओपन अपने नाम किया था।वहीं, विमेंस सिंगल्स में टॉप सीड आर्यना सबालेंका ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए फाइनल में जगह बना ली है। अब खिताब के लिए उनका मुकाबला एलिना रायबाकिना से होगा


दूसरे सेट में अल्काराज ने वापसी की कोशिश की और खेल को टाई-ब्रेकर तक खींच ले गए। हालांकि, टाई-ब्रेक में मेदवेदेव ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 7-6(3) से जीत दर्ज की और फाइनल का टिकट पक्का किया।

**एलिना रायबाकिना ने स्विटोलिना को मात दी**

दूसरे विमेंस सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की एलिना रायबाकिना ने यूक्रेन की एलिना स्विटोलिना को कड़े मुकाबले में 7-5, 6-4 से हराया। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच बराबरी की टक्कर देखने को मिल।

### सबालेंका ने लिंडा नोस्कोवा को सीधे सेटों में हराया

विमेंस सिंगल्स सेमीफाइनल में बेलारूस की आर्यना सबालेंका का दबदबा देखने को मिला। उन्होंने चेक रिपब्लिक की लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी।



### मेदवेदेव ने अल्काराज को संभलने का मौका नहीं दिया

मेन्स सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल में डेनियल मेदवेदेव और कार्लोस अल्काराज 6-3, 7-6(3) से हराया। रूसी खिलाड़ी ने पहले सेट में शुरुआती ब्रेक लेकर मैच पर नियंत्रण बना लिया और पहला सेट 6-3 से अपने नाम किया।



## आईपीएल 2026 से पहले जानिए टूर्नामेंट की सबसे बड़ी पारिया

### टॉप-6 में नहीं हैं रोहित और कोहली

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन की शुरुआत का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है और क्रिकेट प्रशंसक एक बार फिर मैदान पर बड़े सितारों की धमाकेदार बल्लेबाजी देखने के लिए उत्साहित हैं। फैंस को खास तौर पर रोहित शर्मा, विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी जैसे दिग्गज खिलाड़ियों से बड़ी पारियों की उम्मीद रहती है, जो क्रमशः मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते नजर आते हैं। हालांकि आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी पारियों की सूची पर नजर डालें तो हैरानी होती है कि इसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली का नाम शीर्ष छह में शामिल नहीं है।



आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी पारी का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल के नाम दर्ज है। उन्होंने साल 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ खेलते हुए तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की थी। गेल ने उस मुकाबले में सिर्फ 66 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 175 रन बनाए थे। इस पारी के दौरान उन्होंने 13 चौके और 17 छक्के जड़ते हुए गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई। आज भी यह पारी आईपीएल इतिहास की सबसे यादगार और बड़ी पारी मानी जाती है।

दूसरे स्थान पर न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रैंडन मैकुलम का नाम आता है। आईपीएल के पहले ही मुकाबले में 2008 में उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 73 गेंदों में नाबाद 158 रन बनाकर टूर्नामेंट की शुरुआत को ऐतिहासिक बना दिया था। उस पारी में मैकुलम ने 10 चौके और 13 छक्के लगाए थे और उनकी यह पारी लंबे समय तक सबसे बड़ी पारी का रिकॉर्ड रही। तीसरे नंबर पर युवा भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का नाम दर्ज है। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलते हुए महज 55 गेंदों में 141 रन की विस्फोटक पारी खेली थी, जिसमें 14 चौके और 10 छक्के शामिल थे। चौथे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक हैं, जिन्होंने आईपीएल 2022 में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 70 गेंदों में 140 रन बनाए थे।

### बिना रन, बिना विकेट फिर भी 'प्लेयर ऑफ द मैच', कैमरन कफी की अनोखी कहानी आज भी यादगार



**नई दिल्ली।** क्रिकेट में प्लेयर आफ द मैच अवॉर्ड किसी भी खिलाड़ी के लिए बेहद खास माना जाता है। आम तौर पर यह सम्मान उस खिलाड़ी को दिया जाता है, जिसने बल्ले, गेंद या फील्डिंग से मैच पर सबसे बड़ा असर डाला हो। लेकिन क्रिकेट इतिहास में एक ऐसा भी खिलाड़ी रहा है जिसने न तो कोई रन बनाए, न ही कोई विकेट लिया और फील्डिंग में भी कोई खास कमाल नहीं किया, इसके बावजूद उसे मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। यह अनोखा कारनामा वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज कैमरन कफी के नाम दर्ज है। दरअसल यह घटना 2001 में वेस्टइंडीज और जिम्बावबे के बीच खेले गए एक वनडे मुकाबले की है। इस मैच में कफी ने गेंदबाजी करते हुए कोई विकेट नहीं लिया, लेकिन उनकी बेहद किफायती गेंदबाजी ने मैच का रुख तय कर दिया। उन्होंने अपने 10 ओवर के स्पेल में सिर्फ 20 रन दिए और दो मेडन ओवर भी फेंके। जिम्बाब्वे के बल्लेबाज उनकी गेंदों पर रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए। भले ही विकेट उनके खाते में नहीं आया, लेकिन रन रोकने में उनकी अहम भूमिका के कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। यह मुकाबला हरारे में खेला गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने निर्धारित 50 ओवर में पांच विकेट खोकर 266 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम ने अच्छी कोशिश की, लेकिन वेस्टइंडीज की सधी हुई गेंदबाजी के सामने वह नौ विकेट पर 239 रन ही बना सकी। इस तरह वेस्टइंडीज ने मुकाबला 27 रन से जीत लिया। मैच के दौरान कफी की कसी हुई गेंदबाजी ने विपक्षी टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा, जिसने अंतत : वेस्टइंडीज की जीत में अहम भूमिका निभाई। अगर कफी के अंतरराष्ट्रीय करियर की बात करें तो वह दाएं हाथ के मीडियम-फास्ट गेंदबाज थे और 1995 से 2002 तक वेस्टइंडीज टीम का हिस्सा रहे।

## आईपीएल इतिहास की सबसे खतरनाक गेंदबाजी

### जब अल्जारी जोसेफ ने 16 गेंदों में ढ्हा दी थी पूरी टीम



**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है। नए सीजन का पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी टूर्नामेंट को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। आईपीएल का इतिहास ऐसे कई यादगार पलों से भरा है, जिन्होंने इस लीग को दुनिया की सबसे रोमांचक टी20 प्रतियोगिता बना दिया। इन्हीं में से एक यादगार प्रदर्शन 2019 में देखने को मिला था, जब एक गेंदबाज ने अपने घातक स्पेल से क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। यह कारनामा वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने किया था, जो उस समय मुंम्बई इंडियंस की ओर से खेल रहे थे। उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ ऐसा गेंदबाजी प्रदर्शन किया, जो आज भी आईपीएल इतिहास का सबसे बेहतरीन स्पेल माना जाता है। जोसेफ ने सिर्फ 3.4 ओवर यानी 16 गेंदों में 12 रन देकर 6 विकेट झटके थे। उनकी इस घातक गेंदबाजी के सामने हैदराबाद के बल्लेबाज टिक ही नहीं पाए और पूरी टीम बिखर गई। यह आंकड़ा आज भी आईपीएल इतिहास की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के रूप में दर्ज है। उस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 136 रन बनाए थे। टी20 क्रिकेट के लिहाज से यह स्कोर ज्यादा बड़ा नहीं माना जाता।



सिडनी में कोरिया और उज्बेकिस्तान के बीच महिला एशिया कप फुटबॉल मुकाबले में खेलते हुए खिलाड़ी।

भारत को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी, दो दशक के करियर में 6164 रन बनाए

# पूर्व पाकिस्तानी कप्तान सरफराज अहमद का इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। करीब दो दशक लंबे करियर में उन्होंने 6164 रन बनाए और उनकी कप्तानी में पाकिस्तान ने 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत को 180 रन से हराकर आठ साल बाद ढ्रष्ट्ट खिताब अपने नाम किया था।

**100 मैचों में कप्तानी की**

सरफराज ने पाकिस्तान की कप्तानी 100 इंटरनेशनल मैचों में की। इनमें 50 वनडे, 37 टी-20 और 13 टेस्ट शामिल हैं। उनकी कप्तानी में पाकिस्तान टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में नंबर-1 बना और टीम ने लगातार 11 टी-20 सीरीज जीतने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया। जूनियर और सीनियर स्टेज में टाइटल दिलाने वाले पहले कप्तान

सरफराज पाकिस्तान को जूनियर और सीनियर दोनों स्तर पर ढ्रष्ट्ट खिताब दिलाने वाले इकलौते कप्तान हैं। उन्होंने 2006 में श्रीलंका में हुए अंडर-19 वर्ल्ड कप में भी टीम को खिताब दिलाया था, जहां फाइनल में भारत को हराया था। उनकी कप्तानी के दौरान बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी, हसन अली, इमाम उल हक, फहीम अशरफ, फखर जमान और शादाब खान जैसे खिलाड़ियों को इंटरनेशनल टीम में मौका मिला।





### प्राइड ऑफ परफॉर्मेंस अवॉर्ड से सम्मानित

सरफराज को 2018 में पाकिस्तान सरकार ने प्राइड ऑफ परफॉर्मेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया था। वह यह सम्मान पाने वाले सबसे कम उम्र के पाकिस्तानी कप्तान बने थे। रिजवान के आने के बाद जगह गई मोहम्मद रिजवान के आने के बाद सरफराज की टीम में जगह कम होती गई। उन्होंने आखिरी बार दिसंबर 2023 में पर्थ टेस्ट में पाकिस्तान के लिए खेला था। अब माना जा रहा है कि वह आने वाले समय में पाकिस्तान टीम के साथ कोचिंग भूमिका निभा सकते हैं।

### भारत के खिलाफ डेब्यू किया

कराची में जन्मे विकेटकीपर बल्लेबाज सरफराज ने नवंबर 2007 में जयपुर में भारत के खिलाफ वनडे से इंटरनेशनल डेब्यू किया था। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 54 टेस्ट, 117 वनडे और 61 टी-20 इंटरनेशनल खेले। तीनों फॉर्मेट मिलाकर उनके नाम 6164 रन हैं, जिसमें 6 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। विकेट के पीछे उन्होंने 315 कैच और 56 स्टंपिंग कीं।

### संन्यास की घोषणा करते हुए सरफराज ने कहा कि

पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। उन्होंने कहा कि 2006 में अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने से लेकर 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी उठाने तक हर पल खास रहा।

# सेवा सहकारी समिति खंडसरा में समर्थन मूल्य पर अरहर खरीदी का शुभारंभ

## दो किसानों से 43.5 क्विंटल अरहर की खरीदी के साथ हुई शुरुआत, किसानों को उपज समिति के माध्यम से बेचने के लिए किया प्रेरित



**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

जिले में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने तथा दलहनी फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज सेवा सहकारी समिति खंडसरा में समर्थन मूल्य पर अरहर (तुअर) की खरीदी का शुभारंभ किया गया। खरीदी की शुरुआत दो किसानों से कुल 43.5 क्विंटल अरहर की खरीदी कर की गई। कार्यक्रम के दौरान किसानों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। अधिकारियों ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था किए जाने से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा और बिचौलियों पर निर्भरता भी कम होगी। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि, जिला बेमेतरा श्री एम. डी. डडसेना, सहायक संचालक कृषि डॉ. एस. एल. साहू, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री विजय टंडन तथा सेवा सहकारी समिति खंडसरा के अध्यक्ष श्री शरद जोशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समिति प्रबंधक सहित बड़ी संख्या में कृषकगण भी मौजूद रहे।अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को अरहर सहित अन्य दलहनी फसलों के उत्पादन बढ़ाने के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को बताया कि दलहनी फसलें न केवल मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में सहायक होती हैं, बल्कि किसानों के लिए अतिरिक्त आय का भी अच्छा स्रोत बन सकती हैं। साथ ही किसानों को शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर अपनी उपज समितियों के माध्यम से बेचने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि उन्हें उनकी उपज का उचित लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदी की प्रक्रिया, पंजीयन, तौल व्यवस्था तथा भुगतान से संबंधित जानकारी भी विस्तार से दी गई। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि समितियों में खरीदी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संचालित की जाएगी तथा किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि शासन द्वारा दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे किसानों को बेहतर बीज, तकनीकी मार्गदर्शन और विपणन की सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। इस पहल से क्षेत्र में दलहनी फसलों के रकबे और उत्पादन में वृद्धि होने की संभावना है। समिति में अरहर खरीदी शुरू होने से क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए बेहतर अवसर मिलेगा और उन्हें बाजार की अनिश्चितता से भी राहत मिलेगी। यह पहल न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि जिले में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने आमजन की सुनीं समस्याएं

## जनदर्शन में 44 आवेदन प्राप्त हुए



**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत बीते सोमवार को कलेक्टरेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन के दौरान नागरिकों ने अपनी विभिन्न मांगों, शिकायतों एवं समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर एवं समक्ष बुलाकर प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कई प्रकरणों का समाधान मौके पर ही किया गया। आज आयोजित जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों का प्राथमिकता से निराकरण किया गया, जबकि गंभीर एवं जांच योग्य आवेदनों को समय-सीमा (टीएल) पंजी में दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जनदर्शन में निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बैटरी चलित ट्रायसायकल, प्रधानमंत्री आवास योजना, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर ने सभी आवेदकों को उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएम श्री सेजेस सरसीवां के छात्र छात्राओं कि शैक्षणिक भ्रमण विज्ञान की बारीकियों और समृद्ध संस्कृति से हुए रूबरू




**सरसीवां/मूक पत्रिका**

स्थानीय पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) सरसीवां द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने राजधानी रायपुर के विभिन्न ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक केंद्रों का अवलोकन किया और व्यावहारिक ज्ञान अर्जित किया। भ्रमण का पहला पड़ाव *विज्ञान के चमत्कारों को करीब से देखने* का मौका *छत्तीसगढ़ विज्ञान केंद्र* रहा। यहाँ छात्रों ने विज्ञान को केवल किताबों में पढ़ने के बजाय प्रयोगों के जरिए समझा। 'फन साइंस' गैलरी में भौतिकी के जटिल सिद्धांतों को सरल प्रयोगों से देख छात्र रोमांचित हो उठे। विशेष रूप से *3डी शो* और *तारामंडल (Planetarium)* के माध्यम से ब्रह्मांड की बारीकियों ने बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात छात्र *इतिहास और शौर्य की गाथा* को जानने *शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय* पहुंचे। यहाँ उन्होंने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान और प्रदेश के पुरातात्विक इतिहास (Archaeology) की जानकारी प्राप्त की। प्राचीन मूर्तियों और आदिवासियों के संघर्षपूर्ण गौरवशाली इतिहास को देख बच्चों में अपनी विरासत के प्रति गर्व का भाव जागृत हुआ। भ्रमण का अंतिम और सबसे आकर्षक पड़ाव *एक ही स्थान पर हुआ 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' का दर्शन* *पुरखौती मुक्तांगन* रहा। इस 'ओपन एयर म्यूजियम' में बच्चों ने बस्तर से लेकर सरगुजा तक की लोक कला, पारंपरिक झोपड़ियों और भित्ति चित्रों का अवलोकन किया। यहाँ राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों की लघु आकृतियों (Miniatures) को देखकर छात्रों ने एक ही स्थान पर पूरे छत्तीसगढ़ की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता को समझा। शिक्षण का उद्देश्य केवल कक्षा तक सीमित नहीं है। इस भ्रमण से छात्रों में शोध करने की प्रवृत्ति और अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान बढ़ेगा। इस पूरे भ्रमण को *अनुशासित और सफल आयोजन* बनाने में विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। यात्रा के सफल समापन पर प्राचार्य द्वारा सभी शिक्षकों और सहयोगी स्टाफ को उनके समर्पण और बच्चों के मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बच्चों के चेहरों की चमक और उनके द्वारा साझा किए गए अनुभव इस शैक्षणिक यात्रा की सफलता की कहानी स्वयं बयां कर रहे थे।

# दीपक बैज अपने राजनीतिक वजूद को बचाने के लिए जनता को भ्रमित कर रहे हैं : किरण बघेल

## सरकार के जन हितैषी कार्य से जनता खुशहाल, कांग्रेसी परेशान : किरण बघेल



**रायपुर/मूक पत्रिका**

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता डॉ. किरण बघेल ने पीसीसी चीफ दीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बैज अपने राजनीतिक वजूद को बचाने के लिए जनता को भ्रमित कर रहे हैं। प्रदेश का हर वर्ग भाजपा की साय सरकार के कार्यों से खुशहाल हैं वहीं कांग्रेसी परेशान हो रहे है। श्रीमती बघेल ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार हर वर्ग के साथ उनके विकास के लिए कार्य कर रही है। 2018 से 2023 तक आततायी सरकार के संरक्षण में अपराधियों ने प्रदेश की जनता में खौफ का वातावरण बनाकर रखा था। आज वही कांग्रेसी अपनी कांग्रेस पार्टी में अपने वजूद की लड़ाई लड़ रहे हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. (श्रीमती) बघेल ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की छवि को वैश्विक पहचान दिलाई है। आज प्रदेश के किसान खुशहाल है, युवा कौशल विकास के साथ सरकार के साथ चल रहे हैं। महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। इसके साथ ही भूमिहीन श्रमिक व तेंदूपत्ता संग्राहक सहित सरकार की सभी योजनाओं का लाभ ले रहे है। प्रदेश में लखपति दीदियों का सम्मान किया जा रहा है। श्रीमती बघेल ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में किसानों को आत्महत्या करने के लिए विवश होना पड़ता था। पेंशन के नाम पर महिलाओं एवं बुजुर्गों को छला गया, शराबबंदी का सबसे बड़ा धोखा कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं को दिया। प्रदेश के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता के नाम पर 4 साल तक धोखे में रखा और चुनावी वर्ष में दिखावे के लिए कुछ महीनों तक दिया। किसानों को धान की अंतर राशि चार किश्तों में दी जाती थी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. (श्रीमती) बघेल ने कहा कि पीसीसी चीफ दीपक बैज यह समझ लें कि भाजपा शासनकाल में अपराधियों को चुन-चुनकर पकड़ा जा रहा है। बड़े-बड़े घोटालों में शामिल कांग्रेसी नेता और उनके सहयोगी कोई जेल में है तो कोई बेल पर है। श्रीमती बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा देश में आए आपदा को अवसर बनाकर काम करती है। देश एवं प्रदेश की जनता के बीच झूठ फैलाकर उन्हें भ्रमित करने का काम करती है। लेकिन अब प्रदेश एवं देश की जनता कांग्रेस और कांग्रेसियों के कृत्यों को समझ चुकी है। इसीलिए कांग्रेस देश में कुछ राज्यों तक ही सीमित रह गई है और आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी का वजूद पूरी तरह से समाप्त होने वाला है।

# राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर कांकेर में एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत



**कांकेर/मूक पत्रिका**

**विक्रम ठाकुर** :-उत्तर बस्तर कांकेर 16 मार्च 2026 राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर मातृ एवं शिशु अस्पताल अलबेलापारा कांकेर में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए निःशुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन के जिला स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अभियान के तहत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। शुभारंभ के अवसर पर 6 बालिकाओं का टीकाकरण उनके अभिभावकों की उपस्थिति एवं डॉक्टरों की निगरानी में किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.सी. ठाकुर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. ओ.पी. शंखवार, डॉ. सुनील सोनी, बीएमओ डॉ. शशांक गुप्ता, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमंत नाग, सीपीएम डॉ. हमित कश्यप, डॉ. विनोद वैद्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अनदेखी उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कर्मचारी कर रहा है अपने घर में निजी क्लीनिक का संचालन




**रायगढ़/मूक पत्रिका**

मिली जानकारी के अनुसार मामला उप स्वास्थ्य केंद्र भागोरा का है जहाँ मोतीलाल साहू जो की नेत्र सहायक पद पर पदस्थ है जो की लंबे समय से अपने घर पतरापाली मे बिना अनुमति के अवैध रूप से निजी क्लीनिक चला रहे हैं।


उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ नेत्र सहायक द्वारा अवैध निजी क्लीनिक चलाना शासकीय नियमों का उल्लंघन है उप स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत नेत्र सहायक के लिए अपने घर में निजी क्लीनिक का संचालन करना आमतौर पर प्रतिबंधित है। सरकारी कर्मचारी के रूप में, वे अपनी ड्यूटी के घंटों के दौरान या निजी तौर पर मरीजों से फीस लेकर अभ्यास नहीं कर सकते, क्योंकि यह उनके सेवा नियमों का उल्लंघन है। जिससे ग्रामीणों को सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि लोगों को उचित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

अवैध क्लीनिक संचालन के मुख्य पहलू:कर्तव्य में लापरवाही: उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कर्मचारी सरकारी काम में रुचि नहीं ले रहे हैं।

निजी क्लीनिक: नेत्र सहायक (साहू जी) घर पर अवैध रूप से निजी क्लीनिक चला रहे हैं।

ग्रामीणों पर प्रभाव: सरकारी सेवाओं के अभाव में ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। प्रशासनिक अनदेखी: स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों से कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई (अंकुश लगाने) की मांग की गई है। संभावित कार्रवाई: ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर संबंधित स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन को ऐसे कर्मचारियों की जांच करनी चाहिए और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई (जैसे कि निलंबन या बर्खास्तगी) की जानी चाहिए।क्या कहते है सीएचमओं = आपने ने मेरे संज्ञान मे दिए है जांच कराता हु

# स्मार्ट पुलिसिंग: कांकेर पुलिस का बड़ा कदम, WhatsApp आधारित 'पुलिस शिकायत पोर्टल' का हुआ आगाज़




**कांकेर /मूक पत्रिका**

पुलिस ने डिजिटल इंडिया की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए "WhatsApp आधारित पुलिस शिकायत पोर्टल÷ की शुरुआत की है। अब जिले के नागरिकों को अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, बल्कि वे घर बैठे अपने मोबाइल से ही पुलिस तक अपनी बात पहुँचा सकेंगे। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा (IPS) के निर्देशन में शुरू की गई इस सेवा का मुख्य उद्देश्य पुलिसिंग को अधिक सुलभ, पारदर्शी और तकनीक-आधारित बनाना है। इस सुविधा का लाभ उठाना बेहद आसान है। नागरिकों को बस इन चरणों का पालन करना होगा: सबसे पहले अपने मोबाइल में कांकेर पुलिस का WhatsApp नंबर 94791-55125 सेव करें। , इस नंबर पर "Hi" या ÷नमस्ते÷ लिखकर भेजें। यदि आपको नई शिकायत दर्ज करनी है, तो रिप्लाई में '1' लिखकर भेजें। इसके बाद आपसे जरूरी जानकारी मांगी जाएगी और आपकी शिकायत दर्ज हो जाएगी, शिकायत दर्ज होने पर आपको एक यूनिक नंबर मिलेगा। अपनी शिकायत की स्थिति जानने के लिए बस '2' लिखकर भेजें,समाधान के बाद आप इसी नंबर पर अपना फीडबैक भी दे सकते हैं। इस पहल की सबसे खास बात यह है कि पुलिस ने इसके लिए एक डिजिटल मॉनिटरिंग डैशबोर्ड भी तैयार किया है।

इसके जरिए शिकायतों की थानावार समीक्षा की जाएगी। खुद पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारी इसकी निगरानी करेंगे, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि हर शिकायत का निपटारा एक निर्धारित समय सीमा के भीतर और संतोषजनक ढंग से हो। यह पहल स्मार्ट पुलिसिंग और डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य है कि आम जनता को एक सरल और त्वरित शिकायत निवारण प्रणाली मिल सके।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति किसानों की आय दुगनी करने का मार्ग प्रशस्त

# मुख्यमंत्री साय की गौ धाम योजना गौवंश संरक्षण क्रांतिकारी अध्याय: रत्नावली कौशल



**रायपुर/मूक पत्रिका**

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन की पूर्व सदस्य रत्नावली कौशल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की गौ धाम योजना को गौवंश संरक्षण के क्षेत्र में क्रांतिकारी अध्याय करार देते हुए उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत राज्य के सभी विकासखंडों में कुल 1,460 गौधाम स्थापित किए जाएंगे, जहां बेसहारा, घुमंतू एवं परित्यक्त गौवंश को सुरक्षित आश्रय, पोषण, चिकित्सा एवं समग्र देखभाल प्रदान की जाएगी। रत्नावली कौशल ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने गौ धाम योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करने एवं किसानों की आय दोगुनी करने का सुनहरा मार्ग प्रशस्त करेगी। प्रत्येक गौधाम में 200 गौवंशों की क्षमता वाली आधुनिक सुविधाएं होंगी, जिनमें चारा भंडारण इकाइयां, पशु चिकित्सा केंद्र, स्वास्थ्य जांच लैब, शेड, फेंसिंग, पेयजल, बिजली तथा उत्पादकता वृद्धि प्रशिक्षण केंद्र शामिल हैं। यहां गायों को गुणवत्तापूर्ण हरा-सूखा चारा, टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं गोबर-गोमूत्र आधारित जैविक खेती के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। रत्नावली कौशल ने आगे बताया कि योजना का संचालन पंजीकृत गौशाला समितियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, एनजीओ, ट्रस्ट, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियों एवं सहकारी समितियों द्वारा किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन भी होगा। रत्नावली कौशल ने कहा, ÷यह योजना न केवल गौमाता के संरक्षण को सुनिश्चित करेगी, बल्कि छत्तीसगढ़ की प्राचीन गो-संस्कृति को पुनर्जीवित करते हुए कृषि व्यवस्था को अटल आधार प्रदान करेगी। घुमंतू पशुओं से फसलों को होने वाला करोड़ों रुपये का नुकसान अब टल जाएगा, जिससे किसान भाइयों को बड़ी राहत मिलेगी।÷ उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार की यह पहल ग्रामीण संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'गौ संरक्षण एवं ग्रामीण विकास' के विजन को साकार करने वाली ऐतिहासिक पहल है, जो छत्तीसगढ़ को गौ-आधारित अर्थव्यवस्था का अग्रणी हब बनाएगी। रत्नावली कौशल ने चरवाहों एवं गौ सेवकों के लिए निर्धारित मानदेय का भी स्वागत किया, जो योजना को सामाजिक जिम्मेदारी के साथ जोड़ेगा। उन्होंने महिलाओं एवं अनुसूचित जाति समुदायों से अपील की कि वे इस योजना से सक्रिय रूप से जुड़ें। अंत में, उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को गौ धाम योजना के सफल शुभारंभ हेतु हार्दिक बधाई दी तथा कहा कि यह ग्रामीण छत्तीसगढ़ के उत्थान की नई दिशा निर्देशित करेगी। भाजपा महिला मोर्चा इस योजना के प्रचार-प्रसार एवं सफल कार्यान्वयन हेतु पूर्ण प्रतिबद्ध है।







स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आशिष कुमार कंठले द्वारा कलयुग का भारत द्वारा अग्रदूत कॉम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, भाजपा कार्यालय के पास, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित एवं वार्ड नंबर 18 बाजार पारा बेमेतरा पोस्ट व जिला बेमेतरा छ.ग. पिन कोड 491335 से प्रकाशित । संपादक आशिष कुमार कंठले समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार मो. नं. 7999238079, 7828658259, समस्त विवादों का निपटारा बेमेतरा न्यायालय होगा।